जनता की आवाज, जनता का आदेश

# राष्ट्रीय जनादेश

janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com

बैतूल, मंगलवार 10 फरवरी 2026 » वर्ष-29 » अंक-21 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -06 » मूल्य-2 रु.





# जमीन पर भारी पड़ रहे सोना-चांदी, इस साल प्रॉपर्टी में कम हो रहा निवेश

**▪ गोल्ड-सिल्वर के बढ़ते दाम और अच्छे रिटर्न के कारण अचल संपत्ति से रूझान घटा**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। सोना-चांदी के लगातार बढ़ते दाम और कम समय में तगड़ा रिटर्न मिलने के कारण लोगों का जमीन-जायदाद से मोहभंग हो रहा है। यही कारण है कि इस साल जमीन, मकान या दुकान की बीते वर्ष से बेहद कम खरीद-फरोख्त हो सकी है। इस बात के गवाह पंजीयन विभाग के रजिस्ट्री के आंकड़े हैं जो कि इस साल काफी पिछड़े हुए हैं। स्थिति यह है कि इस साल पंजीयन विभाग को मिला लक्ष्य पूरे होने की दूर-दूर तक संभावना नहीं है।**

यह साल सोना और चांदी के लिए बूम का साल रहा। इन दोनों ही कीमती धातुओं के दाम ने इस साल ऐतिहासिक ऊंचाई हासिल की। कुछ ही समय के भीतर इनके दाम इस रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंचे, जिसकी कुछ महीनों पहले किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। चांदी जहां 4 लाख रुपये के ऊपर पहुंच गई थी, वहीं सोना भी 1.80 लाख रुपये तक पहुंचा। अब भले ही थोड़ी




गिरावट आई है, लेकिन सोना-चांदी के भावों ने इस स्तर तक पहुंच कर निवेश (इन्वेस्टमेंट) के लिए लोगों को एक आकर्षक विकल्प मुहैया कराया है।

### पहले जमीन-जायदाद थी पहली पसंद

इससे पहले निवेश के लिए लोगों की पहली पसंद सिर्फ और सिर्फ जमीन-जायदाद रहती थी। इसे लोग सुरक्षित विकल्प के साथ शेष पेज 2 पर..

एक्सपर्ट व्यू

### अब जमीन नहीं सोना-चांदी है लोगों की प्राथमिकताः पुनीत खंडेलवाल



इस संबंध में शहर के प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारी पुनीत खंडेलवाल का कहना है कि वास्तव में सोना-चांदी ने इन्वेस्टमेंट के मामले में लोगों को सोच बदलने को मजबूर कर दिया है। पहले लोग इन्वेस्टमेंट के लिए जमीन को प्राथमिकता देते थे और सोना-चांदी केवल शादी-विवाह के उद्देश्य से जरुरी होने पर ही खरीदते थे। अब सोना-चांदी ने दिखाया है कि कम समय से इनसे जोरदार रिटर्न हासिल किया जा सकता है। इसलिए लोग अब सोना-चांदी ज्यादा खरीद रहे हैं।

# इटारसी रोड पर शाम को बारातियों की मर्जी से चलता है ट्रैफिक

**▪ गेंदा चौक से फॉरेस्ट नाका तक सड़क किनारे हैं 6 मैरिज लॉन**

**▪ जिम्मेदार रहते हैं नदारद, घंटों तक खड़े रहते है वाहन**



सांकेतिक फोटो

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** यदि आपको किसी जरूरी काम से जल्दी में इटारसी रोड से कहीं जाना है तो आप शादी के सीजन में लगभग आधा से पौन घंटे का मार्जिन लेकर घर से निकलें... क्योंकि वैवाहिक सीजन शुरू होने के बाद शाम के समय इटारसी रोड पर ट्रैफिक की व्यवस्था बारातियों के हाथ में आ जाती है। गेंदा चौक के आगे फॉरेस्ट बेरियर तक लगभग दो किलोमीटर में वर्तमान में 6 मैरिज लॉन चल रहे हैं। इनमें प्रतिदिन किसी न किसी लॉन में और कई बार तो सभी लॉन में शादियां रहती हैं। डीजे वाहन मेन रोड पर चलता है और बाराती सड़क पर नाचते हैं। वाहनों की लंबी कतार लग जाती है पर किसी की शेष पेज 2 पर..

## जिले की चिट्ठी आज

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** बैतूल जिले की राजनैतिक, प्रशासनिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों पर केंद्रित आलेख बैतूल जिले की चिट्ठी का प्रसारण आज मंगलवार 10 फरवरी को प्रातः 10 बजे आकाशवाणी के भोपाल केंद्र से किया जाएगा। आलेख प्रसार भारती संवाददाता मयंक भार्गव का है।

# अब शोर मचाया तो खैर नहीं, लाउड स्पीकर पर बैन

**▪ बोर्ड परीक्षाओं को लेकर कलेक्टर ने जारी किए आदेश**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश के परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार जिले में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की वार्षिक परीक्षाएं 10 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक आयोजित होंगी। इसके साथ ही फरवरी-मार्च से नर्सरी, प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं भी चरणबद्ध रूप से आयोजित की जाएंगी, जो अनुमानतः अप्रैल 2026 तक चलेंगी।

### रात्रि 10 से शाम 6 बजे तक रहेंगे प्रतिबंधित

परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के लिए शांत और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक शेष पेज 2 पर..

# *शहर से हटाए जाएंगे इमरजेंसी वाहनों का रास्ता रोकने वाले अतिक्रमण*

***▪ कलेक्टर-एसपी ने वार्डों का पैदल भ्रमण कर किया मुआयना, अवैध निर्माण हटाने के निर्देश***



*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ शहर की कई सड़कें और गलियां ऐसी हैं जहां पर फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस सहित अन्य आपातकालीन वाहन तक नहीं पहुंच सकते हैं। यदि इन क्षेत्रों में कभी कोई घटना-दुर्घटना हो जाए तो इन हालातों में राहत पहुंचाने यह वाहन मौके तक नहीं पहुंच पाएंगे। यही कारण है कि आज कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने शहर के ऐसे क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर गलियों की खाक छानी। इस दौरान उन्होंने ऐसे अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए जो कि आपातकालीन वाहनों के राह में बाधा बन सकते हैं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी और एसपी श्री जैन ने सोमवार को बैतूल नगर के तिलक, आजाद तथा आर्यपुरा वार्ड का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने* शेष पेज 2 पर..

# अंग्रेजी के प्रश्न पत्र के साथ आज से शुरू होगी बोर्ड परीक्षा

» जिले के 144 परीक्षा केन्द्रों पर सभी तैयारियां पूर्ण

» 24 उड़नदस्ते रखेगे नकलची विद्यार्थियों पर नजर

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल कक्षा बारहवी बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो रही है। बारहवी कक्षा का पहला प्रश्न पत्र अंग्रेजी का है। जिले में 114 परीक्षा केन्द्रों में से 7 परीक्षा केन्द्र संवेदन शील और 4 अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इन सात परीक्षा केन्द्रों में एक-चार की गार्ड तैनात रहेगी, वहीं 103 परीक्षा केन्द्रों में एक-एक पुलिस कर्मी मौजूद रहेगा। जिले भर के स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए बैतूल शहर में 3 और सीएम राइज बैतूल बाजार में एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। कक्षा बारहवी में 13 हजार 250 नियमित शेष पेज 2 पर..

# महज 529 मतदाता अपात्र, अंतिम सूची में होंगे 11,95,029 वोटर

**▪ 132653 वोटर्स की लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी का निराकरण, दावें-आपत्ति का निराकरण 14 तक**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे-आपत्तियों के निराकरण एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के समाधान का कार्य जिले में पूरा हो गया है। इस पूरे अभियान में जिले में मात्र 529 मतदाता अपात्र पाए गए हैं। अब 1195029 मतदाता अंतिम मतदाता सूची में शामिल होंगे। इसका प्रकाशन 21 फरवरी को होगा। इससे पहले 14 फरवरी तक दावें-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा।**

जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 11 लाख 95 हजार 558 है। नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के कुल 1 लाख 72 हजार 027 प्रकरण चिन्हित किए गए थे, जिनमें सभी प्रकरणों की सुनवाई



पूर्ण कर निराकरण किया गया। लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी और नो मैप मतदाताओं को छोड़कर 8 लाख 90 हजार 548 मतदाता त्रुटि रहित पाए गए। जो अंतिम मतदाता सूची के लिए पार्क किए गए। पूर्व में बीएलओ पत्र के माध्यम से 1 लाख 32 हजार 653 मतदाताओं की लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी का निराकरण करा लिया गया था। बाद में 1 लाख 71 हजार 828 मतदाताओं को सूचना पत्र जारी कर जानकारी एवं दस्तावेज प्राप्त कर उनकी लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी का निराकरण किया गया।

### इतने मतदाता मृत और अन्यत्र शिफ्ट

नो मैपिंग अंतर्गत 213 मतदाता तथा अन्यत्र शिफ्ट हो जाने या मृत होने से 316 मतदाता अपात्र पाए गए। इस प्रकार 11 लाख 95 हजार 558 में से मात्र 529 मतदाताओं को छोड़कर शेष सभी 11 लाख 95 हजार 029 मतदाता अंतिम मतदाता सूची में सम्मिलित होंगे। दावे - आपत्ति के निराकरण की अंतिम तिथि 14 फरवरी है। इसके बाद 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

# हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, पहले ही धरे जा चुके पांच



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** करीब 2 माह पहले जिला मुख्यालय पर हुई एक युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में 2 बाल अपचारियों सहित शेष पेज 2 पर..




## ।। विनम्र श्रद्धांजलि ।।



1946-2026

अत्यंत दु:ख के साथ सुचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी

**श्री रमेश प्रसाद साहू जी**

अपनी जीवन यात्रा दिनांक 27/01/2026, मंगलवार को पूर्ण कर पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। उनकी पावन स्मृति को नमन करते हुए, दिवंगत आत्मा की शांति एवं प्रभुचरणों में उत्तम स्थान की कामना हेतु आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

दिनांक - 10 फरवरी 2026, मंगलवार
समय - शाम 4 से 5 बजे तक
स्थान - कस्तूरी बाग, इटारसी रोड, सदर बैतूल (म.प्र.)

**शोकाकुल परिवार**

श्रीमती ज्योति साहू (पत्नी)
डॉ. दीप कुमार साहू- डॉ. कीर्ति साहू (चिरायु हॉस्पिटल, बैतूल)
मोहित - अर्पणा साहू
मेघना - अभय साहू



# संपादकीय

## महापौर पद के लिए कुछ भी...

महानगरपालिका चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और कुछ जगहों पर महापौरों को बिठाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, ऐसे में यह मानना गलत नहीं होगा कि प्रशासकों का मनमाना शासन समाप्त हो गया है और जनप्रतिनिधियों का शासन स्थापित हो गया है। बेशक, अगर मुख्यमंत्री ऐसा चाहें तो। भारतीय जनता पार्टी के महाराष्ट्र में अधिकतम 10 स्थानों पर महापौर होंगे। अगर उसके हाथ में सत्ता, धन और पुलिस है तो राज्य के किसी भी शहर का क्या? भाजपा चांद और मंगल पर भी अपना महापौर बिठा सकती है और ढोल पीट सकती है कि 'देखो, हमने चांद और मंगल पर हिंदू-मराठी महापौर बिठाए हैं!' भाजपा ने रितु तावड़े को मुंबई का महापौर चुना। इससे एक बात स्पष्ट हुई कि भाजपा को यह स्वीकार करना पड़ा कि मुंबई का मराठी हिंदू ही है। शिवसेना ने मराठी पहचान के मुद्दे पर जंग छेड़ दी इसलिए भाजपा को अपनी इच्छा के विरुद्ध ही सही, महापौर पद के लिए एक मराठी चेहरा चुनना पड़ा। इसका श्रेय शिवसेना को जाता है। बेशक, कुत्ते की पूंछ तो हमेशा टेड़ी की टेड़ी ही रहेगी? महापौर के रूप में शपथ लेने से पहले ही उन्होंने घोषणा कर दी कि वे बांग्लादेशियों को मुंबई से बाहर कर देंगी। यह सही है, लेकिन क्या प्रधानमंत्री मोदी भावी महापौर की इस भूमिका से सहमत हैं? मुंबई के भावी महापौर को यह समझना चाहिए कि यह बेहद निंदनीय और रहस्यमय है कि भारत बांग्लादेश को अपने बजट से करोड़ों रुपए दान करे, जबकि बांग्लादेश में मंदिरों पर हमले और हिंदुओं की हत्याएं हो रही हैं। पड़ोसी राज्य मीरा-भायंदर में भाजपा ने अमराठी को महापौर बनाया है। वहां के मराठी जनता की मांग ठुकरा दी गई। भाजपा और उसके मित्र दलों ने 11 में से 10 महानगरपालिकाओं में महापौरों को नियुक्त करने के लिए जो भी हथकंडे अपनाए, उनमें न तो कोई सोच थी और न ही नैतिकता। कल्याण-डोंबिवली में पूरी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना गद्दार शिंदे गुट के साथ खड़ी हो गई। नासिक में भी उनका नगरसेवक शिंदे गुट में शामिल हो गया। इन दोनों जगहों पर शिवसेना और मनसे ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा, लेकिन वे चुने गए और अपनी इज्जत मिट्टी में मिला दी! मशाल चिह्न पर चुने गए दो विधायक बेशर्मी से शिंदे गुट में शामिल हो गए और दोनों मनसे के राजू पाटील की 'उंगली' पक?कर भाजपा में शामिल हो गए। राज ठाकरे ने घोषणा की कि यह गंदी राजनीति है, लेकिन क्या सिर्फ मनस्ताप करने से इस तरह की गंदी हरकतें बंद हो जाएंगी? एक चुनाव चिह्न पर चुने जाने और परिणाम की स्याही सूखने से पहले ही दल बदलने का दलदल बन गई है महाराष्ट्र की राजनीति। शिवसेनाप्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने इसका एक समाधान दिया था जो था, 'दलबदलू विधायकों आदि को सड़क पर तोड़ दो।'

## माँ माचना का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ

- ग्रीन सिटी में आयोजित अनुष्ठान की 11 फरवरी को होगी पूर्णाहूति



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मां माचना घाट ग्रीन सिटी में नवनिर्मित मंदिर में मां माचना मैया की प्रतिमा एवं शिवलिंग की स्थापना को लेकर तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सोमवार 9 फरवरी से प्रारंभ हो गया है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मां माचना मैया की प्रतिमा एवं शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मां माचना जन्मोत्सव समिति के संयोजक आनंद प्रजापति ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण होने के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी भक्तों से आग्रह किया है कि मां माचना घाट ग्रीन सिटी पहुंचकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## सड़क हादसे में दो, जहर खाने से एक युवक की मौत

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले के दो अलग-अलग स्थानो में सोमवार को सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई वहीं ग्राम खमलापुर में जहरीला पदार्थ खाने से एक युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई। तीनों शवों का जिला अस्पताल में पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिए है मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम कामथ निवासी उत्तम पदमाकर (65) सोमवार सुबह नागपुर नाका मुलताई में हुए एक सड़क हादसे में घायल हो गया था। उसे मुलताई अस्पताल ले जाया गया वहां से जिला अस्पताल लाया जहां आईसीयू में दोपहर 3 बजे उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार ग्राम थावरी निवसी गणेश कुमरे (52) सड़क हादसे में घायल हो गया था, जिसकी जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खमालपुर निवासी राजू काजले (30) ने सोमवार को अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां 10 मिनट बाद ही आईसीयू वार्ड ले जाते समय उसकी मौत हो गई। तीनों शवों का जिला अस्पताल में पीएम किया गया। तीनों मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।*

# भजन संध्या में प्रदेश के नामचीन कलाकार देंगे प्रस्तुति

- आज मंगलवार को होगा परंपरागत खन मिट्टी का आयोजन

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। आगामी 15 फरवरी को महाकाल चौक कोठी बाजार से निकलने वाली देवाधिदेव बाबा महाकाल की भव्य शिव बारात को लेकर बैतूल नगर पूरी तरह शिवमय हो चुका है। बारात से ठीक एक दिन पहले नगर में भक्ति संगीत की ऐसी संध्या आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकार बाबा महाकाल के चरणों में ऑडियो-वीडियो माध्यम से अपनी प्रस्तुति देकर माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग देंगे। शिव बारात समिति के सागर महाराज करकरे ने बताया कि बाबा महाकाल की बारात की पूर्व संध्या पर बैतूल जिले का सुप्रसिद्ध संगीत समूह विशेष प्रस्तुति देगा। इस अवसर पर छिंदवाड़ा जिले के सुप्रसिद्ध भजन गायक सुनील सत्यार्थी ऑडियो-वीडियो, बाबा महाकाल को समर्पित भजनों की प्रस्तुति देंगे।**



### सिवनी के कलाकार भी देंगे भक्ति प्रस्तुति

सागर महाराज करकरे ने बताया कि भजन संध्या में सिवनी जिले की सुप्रसिद्ध ऑडियो-वीडियो सिंगर सुन महादेवा फेम ममता सत्यार्थी एवं चंचल यादव भी बाबा महाकाल के भजनों की प्रस्तुति देंगी, जिससे आयोजन में भक्तिरस और उत्साह और अधिक बढ़ेगा। समिति के अनुसार संपूर्ण संगीतमय कार्यक्रम का संगीत संयोजन सुप्रसिद्ध ऑर्गन प्लेयर अभिषेक राजपूत एवं अंकित सरनेकर अपनी टीम के साथ करेंगे। समिति का कहना है कि इस संयोजन से भजन संध्या को प्रभावशाली और यादगार स्वरूप मिलेगा।

### आज केदारनाथ की खन मिट्टी का आयोजन

शिव बारात समिति के पंकज राठौर ने जानकारी दी कि मंगलवार को शाम 4 बजे परंपरागत खन मिट्टी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की जिम्मेदारी माधुरी नामदेव, वर्षा दुबे, मनीषा देशमुख, आयुषी नामदेव, नीता वराठे, सोनल पाटिल, मुस्कान घोड़की, पल्लवी पाल, सुधा देशमुख, निर्मला यादव, नंदिनी, रीता दत्ता, कशिश तातेड़ और मिश्रा दीदी को सौंपी गई है।

### प्रतिदिन हो रहा महाकाल का श्रृंगार

समिति के अनुसार महाकाल मंदिर में विराजित शिवलिंग का प्रतिदिन परंपरागत विधि-विधान से श्रृंगार सुप्रसिद्ध मूर्ति कलाकार सुनील प्रजापति द्वारा किया जा रहा है। सात दिवसीय शिव विवाह उत्सव के अंतर्गत ज्योतिर्लिंगों के नाम से परंपरागत आयोजनों की श्रृंखला जारी है। 15 फरवरी तक क्रमशः भीमाशंकर का मंडप सजाया जाएगा, काशी विश्वनाथ की हल्दी की रस्म संपन्न होगी, त्र्यंबकेश्वर की मेहंदी आयोजित की जाएगी तथा रामेश्वरम् के नाम से संगीतमय कार्यक्रम होगा।

## पेज 1 से जारी...

### जमीन पर भारी...

लंबे अंतराल में तगड़ा रिटर्न देने वाला मानते थे। सोना-चांदी ने लोगों की सोच ही बदल दी। इन कीमती धातुओं ने लोगों को बताया कि कम समय में तगड़ा रिटर्न पाना है तो वे (सोना-चांदी) जमीन-जायदाद से बेहतर हैं। यही कारण है कि सोना-चांदी के बढ़ते दामों के बीच लोगों ने इनमें जमकर निवेश किया और खूब सोना-चांदी खरीदा। दूसरी ओर प्रॉपर्टी की खरीदी से उनका मोहभंग हो गया।

### पिछले साल से बेहद कम रजिस्ट्रियां

पंजीयन विभाग के आंकड़े भी इस बात की गवाही दे रहे हैं। बीते साल जिले भर में जमीन, मकान, दुकान आदि की कुल 17970 रजिस्ट्रियां हुई थीं। इसके मुकाबले इस साल मात्र 14246 रजिस्ट्रियां ही जनवरी माह के आखिर तक हो सकी है। वहीं पिछले साल जनवरी तक की स्थिति की तुलना करें तो भी इस साल कम रजिस्ट्रियां हुई हैं। पिछले साल जनवरी माह तक जिले में 15030 रजिस्ट्री हो चुकी थी। इस तरह अभी तक की स्थिति में 786 और कुल रजिस्ट्री के मामले में जिले में 3724 रजिस्ट्रियां कम हुई हैं।

### कम रजिस्ट्री से आय भी हुई प्रभावित

जमीन-जायदाद की कम रजिस्ट्री होने से इस साल शासन को होने वाली आय पर भी सीधा असर पड़ा है। बीते साल 2024-25 में जिले को 96 करोड़ रुपये का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इसके मुकाबले जिले ने मुद्रांक शुल्क के रूप में रजिस्ट्रियों से 102 करोड़ रुपये की आय हासिल की थी। वहीं इस साल हालत यह है कि दिए गए लक्ष्य के आसपास तक भी पहुंचना बेहद मुश्किल लग रहा है। इस साल अभी तक मात्र 73.29 करोड़ रुपये की आमदनी हो सकी है, जबकि जनवरी तक के लिए जिले को 84 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला था।

### कम रजिस्ट्री के लिए यह भी जिम्मेदार

सोना-चांदी के अलावा कुछ अन्य कारणों से भी इस साल कम रजिस्ट्रियां हो रही हैं। इनमें सबसे बड़ा कारण रिकॉर्ड में नाम का मिसमैच होना है। अब रजिस्ट्री के लिए स्लॉट बुकिंग से लेकर रजिस्ट्री तक के काम तभी हो पा रहे हैं जब आधार कार्ड और जमीन के रिकॉर्ड में बिल्कुल एक समान नाम हो। नाम या स्पेलिंग तक में थोड़ा भी अंतर आने पर संपदा 2.0 का पोर्टल स्लॉट बुक ही नहीं कर रहा है। दूसरी ओर ऐसे लोग बड़ी संख्या में हैं जिनके आधार में कुछ और नाम या स्पेलिंग है और जमीन के दस्तावेज में कुछ और ही नाम या स्पेलिंग है। इससे उनकी रजिस्ट्रियां ही नहीं हो रही हैं।

### इटारसी रोड पर...

मजाल नहीं कि सड़क पर नाचते हुए बारातियों को रोक दें अन्यथा बाराती उनके ऊपर टूट पड़ते हैं। यातायात पुलिस के जवान नदारद रहते हैं जिससे चौपहिया और बड़े वाहनों को दो किलोमीटर का रास्ता तय करने में आधा से पौन घंटे का समय लग जाता है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही से वाहन चालक वाहनों की कतार के बीच बारातियों के पीछे रेंगते हुए चलने को मजबूर है।

### दो किलोमीटर में हैं 7 मैरिज लॉन

शहर के गेंदा चौक से फॉरेस्ट नाका तक लगभग दो किलोमीटर मार्ग में मुख्य सड़क के किनारे 6 मैरिज लॉन शुरू हो गए हैं। गेंदा चौक से आगे जाने पर सबसे पहले कस्तूरी बाग मैरिज लॉन है। इस लॉन के पीछे हनुमान मंदिर के साइड वाली गली में एक मैरिज लॉन है। यहां से कुछ मीटर आगे एफसीआई गोदाम के पहले सड़क किनारे क्षत्रिय लोनारी कुंबी समाज का मंगल भवन है, जहां आए दिन शादियां होती है। यहां से चंद कदम करने पर सड़क किनारे ओम मंगलम् बैंकेट हाल है वहीं इसके ठीक सामने सड़क के दूसरी ओर आर्या सेलिब्रेशन है। वहीं टिकारी नाका से फॉरेस्ट नाका के बीच श्री कृष्ण वाटिका मैरिज लॉन है। वैवाहिक सीजन शुरू होने के बाद इनमें से प्रतिदिन किसी न किसी लॉन में तो कभी सभी लॉन में वैवाहिक कार्यक्रम रहते हैं।

### सड़क पर रहता है बारातियों का कब्जा

इन छह में से किसी भी लॉन में शादी हो तो बारात इटारसी रोड मुख्य सड़क से ही निकलती है। बारात निकलने के साथ ही सड़क पर बारातियों का कब्जा हो जाता है। आधी सड़क पर डीजे वाहन चलता है उसके पीछे बैंड बाजे, लाइटिंग वाहन और दूल्हे की बग्गी रहती है। इन सबके बीच में बारातियों के डांस का झुंड रहता है। बीच सड़क पर बाराती अपने आप में मगन होकर डांस करते हुए चलते हैं। उन्हें किसी से कोई मतलब नहीं रहता कि बारात के आगे-पीछे वाहनों की कतार लग गई है। इस सड़क से भोपाल जाने और भोपाल की ओर से आने वाली बसों को भी बारातियों के पीछे रेंगते हुए चलना पड़ता है। यदि किसी वाहन चालक ने बारातियों को सड़क से हटने का बोल दिया या हॉर्न ही बजा दिया तो मानो उसकी शामत आ गई। बाराती मिलकर उसके ऊपर टूट पड़ते हैं।

### पटरियों पर रहती है पार्किंग

इन सभी लॉन में वाहन पार्किंग की यहां तो व्यवस्था ही नहीं है या है भी तो सीमित जगह है। जिससे पटरियों पर चौपहिया वाहनों की पार्किंग कर दी जाती है। आधी सड़क पर बारात रहती है जिससे आने-जाने के लिए सिर्फ आधी सड़क ही बचती है, जिससे दोनों साइड के वाहन निकलना नामुमकिन हो जाता है और वाहनों की कतार लगना शुरू हो जाता है। जाम में बड़े वाहनों, चौपहिया वाहनों के साथ ही दोपहिया वाहन भी निकलना मुश्किल हो जाता है। जिम्मेदार अधिकारियों और यातायात पुलिस के जवानों का इस ओर ध्यान ही नहीं है। जिससे यात्री और वाहन चालक लगातार परेशान होते रहते हैं। शहरवासियों ने जिम्मेदार अधिकारियों से इस ओर विशेष ध्यान देने और सड़क पर दोनों साइड के वाहन निकलने लायक जगह आवश्यक रूप से छोड़ने की मांग की है।

### शहर से हटाए...

राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका के अमले के साथ वार्डों का पैदल भ्रमण कर मार्गों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान आपातकालीन वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले अवैध निर्माण, मार्ग पर स्थापित हैंडपंप, बिजली के पोल, खुली नालियां एवं अतिक्रमण का मौके पर अवलोकन किया गया।

### अफसरों को दिए कलेक्टर ने यह निर्देश

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने नगर पालिका के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क की चौड़ाई को प्रभावित करने वाले सभी अवैध निर्माण शीघ्र हटाए जाएं। उन्होंने कहा कि मार्गों पर लगे हैंडपंप एवं विद्युत पोल को सुव्यवस्थित करते हुए आवश्यकतानुसार शिफ्ट किया जाए, ताकि किसी भी स्थिति में आपातकालीन सेवाओं को विलंब न हो। साथ ही खुली नालियों को सुरक्षित रूप से मजबूती से ढंकने के निर्देश दिए गए, जिससे वाहनों का आवागमन बाधित न हो।

### दुकान संचालकों को भी दिए निर्देश

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित वार्डों में संचालित दुकानों के संचालकों को भी समझाइश देने के निर्देश दिए कि वे दुकान का सामान सड़क या मार्ग पर न रखें। उन्होंने कहा कि मार्गो पर अतिक्रमण न केवल यातायात में बाधा बनता है, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में जान-माल के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, एसडीओपी सुनील लाटा, तहसीलदार पूनम साहू, सहायक यंत्री नगर पालिका नीरज धुर्वे, थाना प्रभारी कोतवाली सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंग्रेजी के प्रश्न...

और 1294 प्रायवेट सहित कुल 14 हजार 544 परीक्षार्थी शामिल होगें। नकलची विद्यार्थियों पर नजर रखने जिला स्तर पर 4 और विकासखंड स्तर पर 20 उड़नदस्ते बनाए गए है जो परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेगें। हायर सेकेण्डरी और हाई स्कूल परीक्षा के जिला समन्वय अधिकारी और उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल के प्राचार्य सत्येन्द्र उदयपुरे ने बताया आज कक्षा बारहवी के अंग्रेजी प्रश्नपत्र के साथ ही बोर्ड परीक्षा की शुरूवात हो जाएगी। परीक्षा की सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। परीक्षा केन्द्रों के निकटतम पुलिस थाना या पुलिस चौकी में प्रश्न पत्र पहुंचा दिए गए है। पुलिस थाना से प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधि और केन्द्र अध्यक्ष जाकर प्रश्नपत्र के सीलबंद लिफाफे निकालेगे। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। कलेक्टर प्रतिनिधि परीक्षा शुरू होने के एक घंटे बाद सुबह 10 बजे तक परीक्षा केन्द्र पर मौजूद रहेगे। परीक्षा शुरू होने के पूर्व सभी पर्यवेक्षक और परीक्षा ड्यूटी में मौजूद सभी कर्मचारियों के मौबाईल बंद कर जमा कर लिए जाएगें। जिला स्तर के चार उड़नदस्ते जिले में कहीं भी निरीक्षण करेगे वहीं ब्लॉक स्तर पर गठित 2-2 उड़नदस्ते ब्लॉक के परीक्षा केन्द्रों निरीक्षण करेगें।

### लाउडस्पीकर को...

यंत्रों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं परीक्षा समय में परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में भी लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। परीक्षा के दौरान किसी भी स्कूल से 100 मीटर की सीमा में 5 या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन का उपयोग भी पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। वहीं परीक्षा ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के अलावा कोई भी व्यक्ति परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करेगा।

### नकलचियों पर की जाएगी कार्यवाही

परीक्षार्थियों को नकल सामग्री, संकेत या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध कराने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा अवधि के दौरान जिले में किसी भी प्रकार के जुलूस, धरना, प्रदर्शन, आमसभा, नारेबाजी या शासन विरोधी गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही कोई भी व्यक्ति लाठी, चाकू, हथियार या अन्य धारदार वस्तु लेकर नहीं चल सकेगा।

### यह दे सकेंगे अनुमति

आवश्यक होने पर आमजन प्रातः 6 बजे से शाम 10 बजे तक संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी से अभिमत प्राप्त कर किसी कार्यक्रम की सशर्त अनुमति प्रदान कर सकेंगे। किन्तु ऐसी अनुमति से परीक्षा के संचालन में कोई बाधा या विपरीत परिस्थितियां उत्पन्न नहीं होनी चाहिए।कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमजन से अपील की है कि वे परीक्षार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### हत्या के मामले...

5 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। फरियादी विवेक पिता भगवान मरकाम निवासी कालापाठा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 दिसंबर को सागौन बाबा बगिया में पूजा-पाठ के दौरान आरोपी अन्नू ठाकुर, अविनाश ठाकुर, आयुष, कृपालसिंह, रोहित, जुनैद, कुणाल एवं अन्य उसके पास आए। यहां से उसे चुन्नीढाना ले जाकर रॉड एवं पत्थरों से मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में पूर्व में आरोपी अन्नू उर्फ अनिकेत ठाकुर, जुनैद उर्फ काला पिता इनायत अली, कृपालसिंह ठाकुर एवं दो विधि विरुद्ध अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। आज इस मामले में फरार आरोपी जतिन उर्फ पासी पिता संदीप रागडे उम्र 19 वर्ष निवासी दुर्गा वार्ड को गिरफ्तार किया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है, जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## आरडीपीएस के वार्षिक खेल दिवस सैकड़ों विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- पढ़ाई-लिखाई के साथ सर्वांगीण विकास के लिए खेल-कूद पर भी ध्यान



***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान आरडी पब्लिक स्कूल में डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खंडेलवाल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को क्वालिटी एजुकेशन देने के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास के लिए खेल सहित अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता करवाई जाती है। आरडीपीएस के प्राइमरी विंग में 7 फरवरी को वार्षिक खेल दिवस की धूम रही। इसमें 800 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आरडीपीएस के प्राइमरी विंग में 7 फरवरी को मार्च पास्ट से वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ हुआ। मार्च पास्ट में सभी हाउस के विद्यार्थियों ने शामिल होकर अनुशासन और सामंजस्य का प्रदर्शन किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने रंगारंग संस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वार्षिक खेल दिवस में प्राइमरी विंग के 800 विद्यार्थियों ने हॉकी, क्रिकेट, बास्केटबॉल, कुश्ती सहित अन्य खेलों में सहभागिता कर खेल भावना का परिचय दिया। पीटी, ड्रिल एवं कराते प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पेरेंट्स रेस रही। आरडीपीएस के प्राइमरी विंग में आयोजित वार्षिक खेल दिवस में बतौर मुख्य अतिथि डीएफओ नवीन गर्ग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ खिलाड़ी हेमंत चंद्र बबलू दुबे, खेल प्रशिक्षक धर्मेंद्र पवार मौजूद रहे। वार्षिक खेल दिवस पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों ने मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।*




**कार्यालय कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग, मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)**

विषय :- निरगुड़ मध्यम उद्वहन सिंचाई परियोजना के यूनिट 2 हेतू मौजा टिपनापुर तहसील आठनेर की भूमि का अर्जन हेतु विशेषज्ञ समिति की राय।

विषयांकित भू-अर्जन प्रकरण में निम्नानुसार विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था :-

ए- (तकनीकि विशेषज्ञ)

1/ श्री चिरोंजीलाल मरकाम, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग मुलताई — अध्यक्ष

बी- (पुनर्व्यवस्थापन संबंधी दो विशेषज्ञ)

2/ श्री नीरज कौर, ए.वी.ए., जल संसाधन उप-मंडल, अथनेर — सदस्य

3/ श्री सुमित कुमार उइके, उप अभियंता, जल संसाधन उप-मंडल, अथनेर — सदस्य

सी- (दो गैर सरकारी सामाजिक विज्ञानी)

4/ श्री संतोष ठाकरे, शिक्षित एवं समाजसेवी — सदस्य

5/ श्री तुलसीराम दौड़के, अधिवक्ता सदस्य

डी- (ग्राम पंचायत के दो प्रतिनिधि)

6/ सरपंच, ग्राम पंचायत धनोरी — सदस्य

7/ उपसरपंच, ग्राम पंचायत धनोरी — सदस्य

उपरोक्त विशेषज्ञ समिति को निरगुड़ मध्यम उद्वहन सिंचाई परियोजना के यूनिट 2 हेतू भू-अर्जन प्रकरण में पूर्व में सामाजिक समाघात निर्धारण समिति के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसकी प्रति विशेषज्ञ समिति के नामांकित सदस्यों को प्रदाय की गई।

अध्यक्ष, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग मुलताई जिला बैतूल के द्वारा समिति के सदस्यों की बैठक बुलाई जाकर निरगुड़ मध्यम उद्वहन सिंचाई परियोजना के यूनिट 2 हेतू भूमि के अर्जन के संबंध में भू-अर्जन की प्रक्रिया साथ ही योजना से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी एवं प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन के संबंध मे तथा योजना से संबंधित लाभ की समस्त जानकारियों से अवगत कराया गया जिसके आधार पर विशेषज्ञ समिति के द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिया गया :-

(1) प्रभावित भूमि के अर्जन से लोक प्रयोजन पूरा होता है।
(2) प्रभावित भूमि के अर्जन के कोई परिवार विस्थापित नहीं हो रहा है।
(3) प्रभावित भूमि के अर्जन के हेतु विधिनुसार एवं निर्देशों के तहत मुआवजा दिया जा रहा है।
(4) आवश्यकतानुसार भूमि का ही अर्जन किया जा रहा है।
(5) इस परियोजना के लिए शासकीय सभी मापदण्डों के अनुसार यही भूमि अर्जन हेतु उपयुक्त पाई गई जिसके कारण भूमि अर्जन के प्रस्ताव पेश किए गए है।
(6) जिस भूमि का अर्जन प्रस्तावित किया गया है समग्र खर्च की तुलना में परियोजना से फायदे अधिक है सभी मापदण्ड के आधार पर अध्ययन किया जाकर परियोजना निर्माण हेतु भूमि का अर्जन उपयुक्त है।
(7) पर्यावरण पर कोई विपरित असर नहीं पड़ेगा। क्षेत्र में जलस्तर की मात्रा अधिक होने के साथ वृक्षारोपण अधिक मात्रा में किया जाकर वृक्षों को पर्याप्त पानी उपलब्ध होने की प्रबल संभावना है।
(8) क्षेत्र के पशु पक्षियों को वर्ष भर सुगमता से पानी प्राप्त होते रहेगा। एवं उनके चारे आदि की व्यवस्था भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सकेगी।

सरपंच, ग्राम पंचायत धनोरी, जनपद पंचायत आठनेर | नीरज कौरव, अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन उपसंभाग | कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, मुलताई

G-25614/25




**पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है**

- साईट इंजीनियर (कंस्ट्रक्शन)-1 पद
- शिफ्ट सुपरवाईजर -2 पद
- डीएसएम - 2 पद
- हाउसकीपिंग-2 पद
- कंस्ट्रक्शन सुपरवाईजर-1 पद

संपर्क : हाईवे ग्लोरी बीपीसीएल डीलर बडोरा, बैतूल मो. 6260196621

1602


## मंडी भाव, कृषि उपज मंडी, बैतूल



दिनांक : 09.02.2026

| जिंस का नाम | आवक | न्यूनतम | उच्चतम | प्रचलित |
|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन पीला | 3165 | 4500 | 5701 | 5350 |
| चना | 32 | 4300 | 4850 | 4750 |
| मक्का | 22225 | 1110 | 1713 | 1560 |
| गेहूं | 2565 | 2000 | 2494 | 2466 |
| सरसों | 07 | 4500 | 5100 | 5100 |
| तुअर | 08 | 6199 | 8111 | 6199 |
| मूंग | --- | --- | --- | --- |
| उड़द | --- | --- | --- | --- |
| गुल्ली | --- | --- | --- | --- |
| मसूर | --- | --- | --- | --- |
| बटना | --- | --- | --- | --- |
| योग | 28002 | | | |

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मयूर भार्गव द्वारा मुद्रक डीबी कॉर्प लिमि. फौजदार गैरेज, पवारखेड़ा इटारसी रोड, होशंगाबाद से मुद्रित और प्रधान कार्यालय सिविल लाइन, बैतूल से प्रकाशित। संपादक-मयूर भार्गव। समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी बैतूल न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालय-9171413554 84

## खबर एक नजर

### डॉ. साहू का श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिला मुख्यालय के जाने-माने शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप साहू और मोहित साहू के पिता रमेश प्रसाद साहू का गत 27 जनवरी को भोपाल में अल्प बीमारी के बाद दुखद निधन हो गया था। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आज 10 फरवरी दिन मंगलवार को शाम 4 से 5 बजे कस्तुरी बाग इटारसी रोड में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया है। परिजनों ने स्व. रमेश प्रसाद साहू को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### गिट्टी से भरा डंपर किया जब्त

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशों के पालन में खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण एवं सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 9 फरवरी को खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा तहसील बैतूल अंतर्गत ग्राम उड़दन-साकादेही के समीप खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए डम्पर वाहन क्रमांक एमपी 48 जेडडी 7126 को जप्त किया गया। जप्त वाहन को थाना गंज बैतूल की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। उक्त प्रकरण में वाहन चालक/वाहन मालिक के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण तैयार किया गया है, जिसे न्यायालय अपर कलेक्टर, बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

### अंबेडकर कॉलेज में प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** श्रीराम शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बीआर अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा भाग-2 का लाइव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड स्कॉलर्स, शिक्षक एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा के पहले विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को सफलता के गुरूमंत्र दिए। उन्होंने अपने अनुभव को साझा किया कि कैसे परीक्षा में तनाव को दूर किया जाता है। उन्होंने छात्रों को कई टिप्स दिए, जिसमें छोटी-छोटी बातों में लीडर बनना जरूरी है, परीक्षा पर खुलकर बात करें, खुद पर आत्मविश्वास रखें, जीवन में अनुशासन जरूरी है, वोकल फार लोकल पर जोर जरूरी है आदि। इस मौके पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां उन्होंने छात्रों से साझा की।

### सूरज इंडस्ट्रीज प्लांट में लगी आग

**मुलताई(राष्ट्रीय जनादेश)।** प्लाई बनाने वाली सूरज इंडस्ट्रीज प्लांट में सोमवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग प्लांट के भीतर और बाहर रखे सोयाबीन और मक्के के चीपों से फैली थी। प्लांट से धुएं के काले गुबार उठते देख आसपास के गांवों में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है, लेकिन मक्के और सोयाबीन के अवशेषों के कारण लपटें तेजी से बढ़ती गईं। प्लांट में प्लाई बनाना का काम किया जाता है। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड के ड्राइवर राहुल और गिरीश पिपले अपनी टीम के साथ पिछले तीन घंटों से आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे हैं। प्लांट में रखे सामान के जल्दी आग पकड़ने की वजह से बुझाने के काम में काफी दिक्कतें आ रही हैं। हादसे में भारी आर्थिक नुकसह्यान होने का अंदेशा जताया जा रहा है। प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। आग पूरी तरह बुझने के बाद ही पता चल सकेगा कि कुल कितना नुकसान हुआ है।

### सैनिक परिवार की धार्मिक शोभायात्रा आज

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** पूर्व सैनिक संघ बैतूल के तत्वावधान में आज 10 फरवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे महाराजा ट्रांसपोर्ट बडोरा, बैतूल से समस्त सैनिक परिवार शोभायात्रा के साथ केरपानी हनुमान मंदिर प्रस्थान करेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे सैनिक परिवार की ओर से केरपानी के श्री हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ एवं भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात केरपानी मंदिर में भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। पूर्व सैनिक संघ बैतूल द्वारा जिले के सभी नागरिकों को सह परिवार कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया है।

# भोपाली में गुफा दर्शन प्रतिबंध की पुनर्समीक्षा करने की मांग

▪ सुरक्षा इंतजामों के साथ प्रत्यक्ष दर्शन कराने का किया आग्रह

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। महाशिवरात्रि पर्व पर छोटा महादेव भोपाली में गुफा दर्शन पर लगाए जा रहे पूर्ण प्रतिबंध की पुनर्समीक्षा की मांग को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि छोटा महादेव भोपाली जिले का प्राचीन एवं श्रद्धेय धार्मिक स्थल है, जहां महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के गुफा स्थित प्रत्यक्ष दर्शन के लिए पहुंचते हैं।**



### एलईडी से कराते हैं प्रदर्शन

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि गत दो वर्षों से सुरक्षा कारणों का हवाला देकर महाशिवरात्रि के दौरान गुफा तक पहुंच पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा रहा है और एलईडी स्क्रीन के माध्यम से वैकल्पिक दर्शन की व्यवस्था की जाती है, जो कई बार तकनीकी कारणों से बाधित भी हो जाती है। समाचार पत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष भी प्रतिबंध पूर्ववत रहने की संभावना है।

### वर्षों से चली आ रही दर्शन की परंपरा

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि पूर्व में केवल शिखर पहाड़ी स्थित काला बाबा मार्ग पर प्रतिबंध लगाया जाता रहा है, जबकि गुफा दर्शन की परंपरा वर्षों से चली आ रही है और अन्य दिनों में दर्शन सामान्य रूप से होते हैं।

प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि पर्याप्त पुलिस व प्रशासनिक बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, कतारबद्ध व चरणबद्ध प्रवेश, सीमित संख्या में श्रद्धालुओं को अनुमति, भीड़ प्रबंधन तथा चिकित्सा व आपातकालीन सुविधाओं के साथ नियंत्रित व सुरक्षित प्रत्यक्ष दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अंतिम निर्णय व सुरक्षा संबंधी दायित्व जिला प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में रहने की बात भी स्पष्ट की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जनपद सदस्य प्रदीप विश्वास, बीजेपी नेता राकेश वर्मा, सौरभ पारधी, अंगद यादव, मदन साहू, धीरज चौरे, आसाराम वर्मा और रंजीत विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पिता को मुखाग्नि देकर बेटियों ने निभाया फर्ज

▪ रेलवे से सेवानिवृत्त हुए प्रहलाद गुडाले का हो गया था निधन

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।** समाज में वर्षों से चली आ रही परंपराएं, रीति रिवाज अथवा कुरीतियां अब बदलने लगी है। अब बेटियां भी अपने माता-पिता सहित परिजनों को मुखाग्नि देकर बेटे का धर्म बखूबी निभाने लगी है। ऐसा ही एक वाक्या आमला में उस समय देखने को मिला जब रेलवे से सेवानिवृत्त प्रहलाद गुडाले का लंबी बीमारी के बाद निधन हुआ तो बेटियों ने अंतिम संस्कार की सभी रस्में निभाई।

### तीनों बेटियों ने दिया कांधा

जानकारी के अनुसार आमला में तीन बेटियों ने अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया और चिता को मुखाग्नि दी।



69 वर्षीय पहलाद गुडाले, जो रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे, के निधन के बाद उनकी बेटियों ने यह सामाजिक परंपरा तोड़ी। यह घटना आमला नगर के बंधा रोड बोडखी की है। पहलाद गुडाले पिछले तीन सालों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन के बाद, बेटियों रेशमा, रोशनी और रेणुका ने बेटे के समान सभी अंतिम संस्कार की रस्में निभाई।

### पिता का किया अंतिम संस्कार

रेशमा का विवाह मुकेश बेले से हुआ है और वह आमला की बोडखी में रहती हैं। रोशनी विवाहित हैं और लखनऊ में निवास करती हैं, जबकि अविवाहित रेणुका इंदौर एम्स में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत हैं। अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान, तीनों बेटियों ने पारंपरिक सोच को दरकिनार करते हुए पिता की अर्थी को कंधों पर उठाया। उन्होंने पूरी श्रद्धा और आत्मविश्वास के साथ अंतिम यात्रा के सभी धार्मिक और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया।

बंधा रोड स्थित मोक्षधाम में बेटियों द्वारा पिता की चिता को मुखाग्नि देना समाज में एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा गया। स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि गुडाले परिवार की बेटियों ने समाज के लिए एक प्रेरणा स्थापित की है।

# ट्रक की टक्कर से मजदूर की मौत

▪ गन्ना भरते समय टक्कर मारकर हो गया था फरार

▪ मजदूरों ने ट्रक का पीछा कर चालक को पकड़ा

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** ट्रैक्टर ट्राली में मजदूर गन्ना भर रहे थे इसी दौरान एक ट्रक के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक मजदूर को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया था लेकिन मजदूरों ने पीछा कर ट्रक चालक को पकड़ लिया। घटना परतापुर के पास हुई। मृतक की पहचान मनीष कुमरे (36) निवासी थावड़ी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, किसान के खेत के पास सड़क किनारे ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी। मजदूर उसमें गन्ना भर रहे थे। इसी दौरान नागपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर ट्रॉली के पास काम कर रहे मनीष कुमरे को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनीष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। हालांकि, आसपास मौजूद मजदूरों ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक का पीछा किया और उसे सापना के पास पकड़ लिया।




### ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज

सूचना मिलने पर बैतूल बाजार थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार, मनीष मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके तीन छोटे बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। फिलहाल पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बैतूल बाजार टीआई अंजना धुर्वे ने बताया कि ट्रक ड्राइवर ने लापरवाही से वाहन चलाकर यह हादसा किया है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़ के बीच एक कैप्सूल ट्राला भी पलट गया।

## शिव ज्योतिर्लिंग की झांकी सजाकर दिया परमात्म अवतरण का संदेश

▪ महाशिवरात्रि पर होने वाले शिव जयंती महोत्सव के तहत निकली शोभायात्रा

**रानीपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** ब्रह्माकुमारीज के सारनी सेवा केंद्र द्वारा आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सारनी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा, कलश यात्रा एवं झांकी के माध्यम से शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया जाएगा। इसी कड़ी में आज ग्राम सलैया, छुरी में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें शिव भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग को चार पहिया वाहन के ऊपर रथ सजा कर स्थापित किया गया। साथ ही नंदियों को भी सजाया गया। यह यात्रा छुरी के खेड़ापति शिव मंदिर से शुरू होकर छुरी, सलैया का चक्कर लगाकर बागडोना पहुंची। शोभायात्रा में ब्रह्मा कुमारीज के सारनी क्षेत्र के अनुयायियों ने हिस्सा लेकर जनमानस को पर्चों और अनाउंसमेंट के माध्यम से शिव संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी सारणी की प्रमुख ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने बताया कि ब्रह्मा कुमारीज में हर वर्ष शिवरात्रि पर्व को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। यह वर्ष ब्रह्मा कुमारीज में नव दशकोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है क्योंकि परमात्मा शिव द्वारा रचित इस विश्वविद्यालय को अपनी सेवाएं करते हुए 90 वर्ष हो चुके हैं।



उन्होंने आगे कहा कि ब्रह्माकुमारीज में मुख्य रूप से राजयोग का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसके द्वारा परमात्मा शिव का सत्य परिचय प्राप्त कर उससे संबंध स्थापित करना सहज हो जाता है। प्रतिदिन राजयोग का अभ्यास करने से जीवन में कई आध्यात्मिक शक्तियों और गुणों का विकास होता है। इस राजयोग का प्रशिक्षण ब्रह्माकुमारी विद्यालय में आकर कोई भी निःशुल्क प्राप्त कर सकता है।

# सुरों से दी जाएगी स्व. विजय खण्डेलवाल को श्रद्धांजलि

▪ 21 फरवरी को मुक्त आकाश मंच पर गूंजेंगे दिलकश नग्मे




**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले की प्रतिष्ठित सांगीतिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्द द्वारा 21 फरवरी, शनिवार को जयवंती हक्सर महाविद्यालय के मुक्त आकाश मंच पर संगीत संध्या आवाज सितारों की दिलकश नग्मों का सफर का आयोजन किया जाएगा। यह संगीतमय आयोजन स्व. विजय खण्डेलवाल की स्मृति को समर्पित रहेगा, जिनके व्यक्तित्व और योगदान को सुरों के माध्यम से नमन किया जाएगा।

### ख्यातिनाम कलाकार देंगे प्रस्तुति

कार्यक्रम संयोजक प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से संगीत जगत के ख्यातिनाम रचनाकारों की कृतियों पर आधारित प्रस्तुतियां देती आ रही है। इस बार भी जिले सहित प्रदेश और देश के कलाकार मंच साझा करेंगे। संयोजक विभाष पांडेय एवं अजाबराव झड़बड़े ने बताया कि यह संध्या संगीत प्रेमियों के लिए भावनात्मक और सांस्कृतिक अनुभव का अवसर बनेगी। संस्था ने नागरिकों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

### तैयारियों को लेकर कलाकारों में उत्साह

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को लेकर कलाकारों और संगीत प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जयवंती हक्सर महाविद्यालय के मुक्त आकाश मंच को आकर्षक सज्जा के साथ सुरमयी वातावरण में परिवर्तित किया जाएगा, जहां रोशनी और ध्वनि व्यवस्था के बीच यादगार प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संस्था शब्द के पदाधिकारियों ने बताया कि इस संध्या में केवल गीत-संगीत ही नहीं, स्व. विजय खण्डेलवाल के व्यक्तित्व, उनके सामाजिक सरोकारों और जिले के प्रति उनके योगदान को भी स्मरण किया जाएगा, जिससे यह आयोजन श्रद्धांजलि और सांस्कृतिक उत्सव का संगम बन सके।

# गांव में गहराया बिजली संकट

▪ किसानों ने अलग ट्रांसफार्मर लगाने की मांग



**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 132 अंतर्गत ग्राम टेमर रैयत, ग्राम पंचायत गोलई बुजुर्ग के किसानों ने सिंचाई हेतु बिजली की गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक गंगा ऊईके को ज्ञापन सौंपा है। किसानों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, जिससे फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है और उत्पादन लगातार घट रहा है।

### नहीं हो पा रही सिंचाई

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विद्युत विभाग द्वारा एक ही ट्रांसफार्मर से घरेलू और कृषि दोनों कनेक्शन संचालित किए जा रहे हैं। इससे सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है। गांव में लगभग 182 हेक्टेयर (करीब 450 एकड़) क्षेत्र में कृषि कार्य होता है, जो पूरी तरह सिंचाई पर निर्भर है। किसानों ने बताया कि लगातार बिजली की समस्या के कारण खेती प्रभावित हो रही है और किसानों में निराशा का माहौल है। समय पर सिंचाई नहीं होने से फसलें सूखने की कगार पर पहुंच जाती हैं, जिससे आर्थिक नुकसान भी बढ़ रहा है।

### अलग ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

समस्त किसानों ने विधायक से मांग की है कि कृषि सिंचाई के लिए अलग से ट्रांसफार्मर स्थापित कराया जाए, ताकि बिजली की समस्या का स्थायी समाधान हो सके और किसानों को राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने में ग्राम टेमरु रैयत के कई किसान उपस्थित रहे। विधायक गंगा उइके ने कहा कि जल्दी ही बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ के 5वीं बार अध्यक्ष बने रंजीत सिंह, कार्यकारिणी घोषित

▪ गुणवंत बबलू चड्ढा महासचिव और शंकर चढ़ोकर बनाए गए कोषाध्यक्ष, 10 उपाध्यक्ष

**सारणी (राष्ट्रीय जनादेश)। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने अपनी बैतूल जिला इकाई की नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। संगठन के प्रति अटूट निष्ठा और पत्रकारों के हितों के लिए किए गए सफल कार्यों को देखते हुए रंजीत सिंह को लगातार पांचवीं बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया है। प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन और कार्यकारी महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा नई टीम की घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी में अनुभवी और सक्रिय पत्रकारों को जगह दी गई है ताकि जिले में पत्रकारिता के स्तर और पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जा सके।**



प्रमुख नियुक्तियां और पदाधिकारी कार्यकारिणी में जिले के विभिन्न ब्लॉकों और तहसीलों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। जिला महासचिव के रूप में गुणवंत बबलू चड्ढा (आमला), जिला कोषाध्यक्ष पद पर शंकर राव चढ़ोकर (चिचोली) जिला उपाध्यक्ष विलास चौधरी (सारनी), विनोद पतारिया (घोड़ाडोंगरी), कालीदास चौरासे (पाथाखेड़ा), संतोष लिखितकर (चिचोली), मनीष चिंटू खन्ना (मुलताई), सचिन शुक्ला (शाहपुर), राजेन्द्र दुबे (चिचोली), छबिनाथ भारद्वाज (सारनी) और कमलेश जावलकर (बैतूल),विजय रघुवंशी (बगडोना) बनाए गए हैं। इसी तरह जिला सचिव संजय सोनी (आठनेर), राकेश सोनी (सारनी), भीम बहादुर थापा (सारनी), जितेन्द्र शर्मा (आमला), प्रतिवर्धन चतुर्वेदी (घोड़ाडोंगरी), शमीम रिजवी (सारनी) और प्रवीण अग्रवाल (घोड़ाडोंगरी), विजय सिंह तोमर (भीमपुर), ललित ललन यादव (सारनी), संदीप झपाटे (पाथाखेड़ा), सह सचिव मनोज सातनकर (चिचोली), कृष्ण कुमार गुप्ता (पाथाखेड़ा), राजेश राठौर (सारनी), गणेश राय (भैंसदेही), सिध्दार्थ बिहारे (घोड़ाडोंगरी), दिनेश यादव (सारनी), पंकज अग्रवाल (आमला), अंकित यादव (सलैया), हरिप्रसाद गोहे (आमला) और विलास खातरकर (आठनेर) बनाए गए हैं। जिला कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में दीपक विगलैया (बगडोना), दीपक शिवहरे (शोभापुर), राकेश शर्मा (आमला), संतोष जावलकर (रानीपुर), मुकेश सोनी (आमला), इरशाद काजी (आठनेर), प्रकाश सराठे (रानीपुर), सुरेन्द्र सिंह चौहान (घोड़ाडोंगरी), धर्मेन्द्र राय (पाथाखेड़ा), अन्नू गोहे (शोभापुर) शामिल किए गए हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष रंजीत सिंह ने मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया एव प्रांतीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन सदैव पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ता रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बैतूल-हरदा-नर्मदापुरम के वरिष्ठ पत्रकारों के संभागीय पदाधिकारियों की घोषणा होगी। उसके बाद जल्द ही ब्लॉक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही बैतूल, मुलताई, आठनेर, शाहपुर, सारनी, आमला, घोड़ाडोंगरी, भैंसदेही, भीमपुर और चिचोली में ऊर्जावान पत्रकारों को जोड़कर ब्लॉक कार्यकारिणी का भी विस्तार किया जाएगा।

# वार्षिक आनंद उत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुतियां

**चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर के स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक आनंद उत्सव के अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्रों द्वारा सांस्कृतिक, लोकगीतों, धार्मिक एवं राष्ट्रीयता आधारित कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर मुख्य अतिथि श्रीमती वर्षा रितेश मालवीय अध्यक्ष नगर परिषद एवं विशेष अतिथि राजेंद्र जायसवाल पूर्व नागरिक आपूर्ति निगम उपाध्यक्ष, नरेंद्र आर्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी, सुधीर जायसवाल अध्यक्ष तहसील पत्रकार संघ, फूलचंद आर्य वरिष्ठ समाजसेवी, पत्रकार सुरेंद्र बावने द्वारा की गई। संस्था के संचालक संजय आर्य व प्राचार्य श्रीमती रमा संजय आर्य द्वारा अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शाला की छात्रा परिधि आर्य द्वारा महाभारत की पृष्ठभूमि पर शानदार प्रस्तुति नृत्य के माध्यम से दी गई। स्कूल के नन्हें-नन्हें छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई जिसकी उपस्थित सभी लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद स्कूल के शिक्षण कार्य एवं प्रतिवर्ष किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की, जिससे छात्र-छात्राओं के भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का सफल संचालन शाला की छात्रा कुमारी परिधि आर्य एवं एवं प्राचार्य श्रीमती रमा संध्या आर्य द्वारा किया गया।



# ओवरटाइम वेतन में सभी भत्ते शामिल, रेलवे की नीति पर उठे सवाल

- भारी वाहन कर्मचारी संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। सुप्रीम कोर्ट ने भारत संघ बनाम भारी वाहन कारखाना कर्मचारी संघ एवं अन्य मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि फैक्टरीज अधिनियम, 1948 की धारा 59(2) के तहत ओवरटाइम वेतन की गणना करते समय 'साधारण वेतन दर' में मूल वेतन के साथ सभी प्रतिपूरक भत्तों- जैसे मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, कपड़ा धुलाई भत्ता और छोटे परिवार भत्ता को शामिल किया जाना अनिवार्य है। केवल बोनस और ओवरटाइम वेतन को ही इस गणना से बाहर रखा जा सकता है।**

मामले की पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार का यह तर्क था कि विभिन्न मंत्रालयों द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापनों के अनुसार ओवरटाइम की गणना केवल मूल वेतन और महंगाई भत्ते पर आधारित होनी चाहिए। कर्मचारी संघों ने इसका विरोध करते हुए अदालत में कहा कि कानून का स्पष्ट आशय यह है कि कर्मचारी को प्राप्त सभी भत्तों को ओवरटाइम गणना में जोड़ा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों के पक्ष को स्वीकार करते हुए कहा कि सरकारी कार्यालय ज्ञापनों द्वारा भत्तों को बाहर करना कानून की मंशा के विपरीत है और कार्यपालिका को संसद द्वारा बनाए गए कानून की अलग व्याख्या करने का अधिकार नहीं है।

### श्रमिकों के हित में करें कानूनों की व्याख्या

अपने निर्णय में अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि फैक्टरीज अधिनियम एक श्रमिक-कल्याणकारी कानून है, जिसकी व्याख्या श्रमिकों के हित में की जानी चाहिए। ओवरटाइम का दोगुना भुगतान सुनिश्चित करने का उद्देश्य श्रमिकों के शोषण को रोकना है। अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय एक ही कानून की अलग-अलग व्याख्या नहीं कर सकते। इसी संदर्भ में अदालत ने उल्लेख किया कि रेल मंत्रालय अपने वर्ष 2011 के आदेश में पहले ही अपने कर्मचारियों के ओवरटाइम वेतन में मकान किराया भत्ता और परिवहन जैसे भत्तों को शामिल करता रहा है, जो कानून की सही व्याख्या का उदाहरण है।

### रेलवे के आदेश पर लगा प्रश्नचिन्ह

हालांकि इस निर्णय के बाद एक रोचक और गंभीर मोड़ सामने आया है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में रेलवे मंत्रालय द्वारा वर्ष 2011 में जारी जिस आदेश को विधि-संगत बताया, जिसमें ओवरटाइम गणना में सभी भत्तों को शामिल किया गया था, को रेल मंत्रालय ने वर्ष 2017 में नीति बदलते हुए ओवरटाइम गणना को मूल वेतन, महंगाई भत्ता और परिवहन भत्ते तक सीमित कर दिया। अब सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्णय के बाद रेलवे बोर्ड के 2017 के आदेश पर प्रश्नचिह्न लग गया है और इसकी वैधानिकता पर बहस तेज हो गई है।

### आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग

रेल कर्मचारियों एवं रेलवे के हितों के लिए लगातार आवाज उठाने वाले सेवानिवृत्त स्टेशन प्रबंधक वीरेंद्र कुमार पालीवाल ने भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव को पत्र लिखकर लगभग तीन लाख रेल कर्मचारियों के आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाले रेलवे बोर्ड के 2017 के आदेश को तत्काल निरस्त कर वर्ष 2011 की नीति बहाल करने की मांग की है। इस पत्र की प्रतिलिपि कैबिनेट सचिव, श्रम मंत्रालय तथा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को भी भेजी गई है।

### वेतन या भत्तों तक सीमित नहीं रहा मामला

श्री पालीवाल का कहना है कि यह मामला अब केवल वेतन या भत्तों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि 'कानून का शासन', न्यायालय के आदेशों के अनुपालन और प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न बन चुका है। उनका मानना है कि यदि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णय के बावजूद नीतिगत संशोधन नहीं किया जाता, तो यह शासन व्यवस्था में कानूनी एकरूपता और कर्मचारियों के वैधानिक अधिकारों पर व्यापक प्रभाव डाल सकता है। भारतीय रेलवे में कार्यरत लाखों कर्मचारियों के हित में इस विषय पर शीघ्र और निर्णायक प्रशासनिक हस्तक्षेप की अपेक्षा की जा रही है।

# चेक बाउंस मामले में सश्रम कारावास की सजा, राशि भी करना होगा जमा

- मप्र ग्रामीण बैंक से लिया था ऋण, कर्ज चुकाने दिया चेक हो गया बाउंस



*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक बैतूल द्वारा दर्ज कराए गए एक चेक बाउंस मामले में न्यायालय ने टिकारी बैतूल निवासी संतोष पाल पिता तेजीलाल पाल को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी को बैंक को 607386 रुपये की राशि दो माह के भीतर जमा करने का आदेश दिया गया है। यदि वह समय पर राशि जमा नहीं करता है तो उसे दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।*

*जानकारी के अनुसार आरोपी संतोष तेजीलाल पाल ने मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक बैतूल से मुद्रा योजना के अंतर्गत डेयरी व्यवसाय हेतु कुल 606000 रुपये का ऋण लिया था। बैंक द्वारा ऋण की वसूली की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर आरोपी ने शाखा प्रबंधक रोशनी पानकर पानसरे को 536952.02 रुपए का चेक सौंपा था। जब यह चेक बैंक में जमा किया गया तो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया।*

*इसके बाद बैंक द्वारा आरोपी को कानूनी नोटिस भेजा गया, जिसका उसने कोई जवाब नहीं दिया। अंततः बैंक ने आरोपी के विरुद्ध बैतूल न्यायालय में धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कराया। इस प्रकरण में न्यायालय द्वारा दिनांक 04 मई 2026 को निर्णय सुनाया गया, जिसमें आरोपी को दोषी मानते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और 607386 रुपए की वसूली का आदेश पारित किया गया।*

*प्रकरण में बैंक के पैनल अधिवक्ता अनुराग मिश्रा एवं दिनेश नागले द्वारा प्रभावी पैरवी की गई एवं बैंक की शाखा प्रबंधक रोशनी पानकर द्वारा न्यायालय की संतुष्टि योग्य साक्ष्य पेश किए गए।*

*बताया जा रहा है कि जिले में ऐसे कई प्रकरण सामने आ रहे हैं, जिनमें हितग्राही बैंक से लोन तो ले लेते हैं, लेकिन बाद में उसे चुकाने की जिम्मेदारी नहीं निभाते। बैंक द्वारा लगातार नोटिस और समझाइश के बाद भी राशि नहीं चुकाने पर मामला न्यायालय तक पहुंचता है और अंततः ऋणी को जेल की सजा भुगतनी पड़ती है।*

# सवर्ण समाज संगठन की जिला कार्यकारिणी गठित



*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। सवर्ण समाज की जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक 8 फरवरी को दोपहर 2:00 बजे से गुरुद्वारा रोड रिलायंस स्मार्ट बाजार के पीछे हॉल में दौलत सिंह परिहार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में यूजीसी काले कानून को समाप्त करने, जातिगत आरक्षण व्यवस्था खत्म कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने एवं एससी एसटी कानून समाप्त करने के संबंध में प्रस्ताव पारित किए गए। उक्त के परिपालन में हस्ताक्षर अभियान 25 फरवरी तक चलाया जाएगा। साथ ही यूजीसी कानून के संबंध में गठित संसदीय समिति के 17 सवर्ण सांसदों को चूड़ी और बिंदी भेजे जाने के साथ-साथ आगामी 9 मार्च को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई।*

*बैठक में जिला स्तरीय कार्यकारिणी का भी अनुमोदन किया गया जिसमें राकेश त्रिवेदी को संयोजक का दायित्व सौंपा गया। संरक्षक मंडल में के के पांडेय, राजा ठाकुर, वी एस चौहान, प्रमोद अग्रवाल, मयंक भार्गव, नरेंद्र हिराणी, दीपक पात्रीकर, महेंद्र दीक्षित, राम किशोर चौधरी, भूपेंद्र बबलू खुराना, नरेश जैन, नागोराव जगताप, डॉ. वी के श्रीवास्तव, अमित सिंह ठाकुर को दायित्व सौंपा गया। जिला स्तरीय कार्यकारिणी में सौरभ सिंह राघव अध्यक्ष, कलश दीक्षित कार्यकारी अध्यक्ष, लवलेश जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिनेश ठाकुर, विजय सिंह रघुवंशी, बंटी मोटवानी, उपाध्यक्ष, संतोष शिंदे,मनोज भार्गव,संजय पप्पी शुक्ला , हेमंत देशपांडे, अभिमन्यु श्रीवास्तव, राजेश मदान, राजेंद्र सिंह केंडू बाबा को उपाध्यक्ष एवं शक्ति अग्रवाल कोषाध्यक्ष, वेद शर्मा महामंत्री, मनोज तिवारी संगठन मंत्री, सौरभ दुबे,बलराम जसूजा, अंजनी सिंह, शुभम चौहान, एम के गुप्ता उप महामंत्री शैलेन्द्र सिंह ठाकुर,सत्येंद्र सिंह परिहार, योगेश गुप्ता, प्रमेश राजपूत, उमाकांत शर्मा, संजय शुक्ला प्रचार मंत्री का दायित्व सौंपा गया।*

*श्रीमती हेमा सिंह चौहान, श्रीमती कुसुम सिंह किलेदार, श्रीमती माया शिंदे, डॉ. सुजाता सिंह, श्रीमती मीनाक्षी शुक्ला, श्रीमती साक्षी शर्मा, श्रीमती संगीता अवस्थी, श्रीमती नीलम दुबे, श्रीमती साधना चौहान महिला कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया। जिला स्तरीय कार्यकारिणी सदस्य हेतु इंद्रजीत सिंह चौहान, धीरज हिराणी, अनुज जैन, गोलू ठाकुर, नारायण सिंह नगदे, अखिलेश रघुवंशी, श्री बलवापुरे, सदानंद देशपांडे, दीपक भार्गव, विजय परसाई, विकास गोल्डी मिश्रा, गितेश चौहान को नियुक्त किया गया।*

# परीक्षा केंद्रों पर रहें समुचित व्यवस्थाएं: कलेक्टर

- टीएल की बैठक में की बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सोमवार को टीएल की बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले के सभी निर्धारित 127 परीक्षा केंद्रों पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जाए। सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी के साथ निरंतर संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए।**

### प्रत्येक केंद्र पर रहे पुलिस की तैनाती

साथ ही एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों से समन्वय कर प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल की भी तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संवेदनशील केंद्रों पर आवश्यक सतर्कता बरती जाएं। जिला स्तर के साथ विकासखंड स्तर पर भी कंट्रोल रूम को सक्रिय किया जाएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने यह भी कहा कि परीक्षा की गोपनीय सामग्री समय पर और पूरी सुरक्षा के साथ परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाई जाए। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं एवं समसामयिक विषयों की विभागवार समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।




### राजस्व प्रकरणों का करें निराकरण

संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांतरण, बटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। अभियान के अंतर्गत सभी जनपद सीईओ को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए गए।

### अधिक से अधिक पंजीयन कराएं


कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने पीएम श्रम योगी मानधन योजना के तहत सभी जिला अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों का अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आईटीआई अंतर्गत भूमि आवंटन के संबंध में वन विभाग को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सीईओ जिला सहकारी बैंक को पैक्स समितियों के शत-प्रतिशत कंप्यूटराइजेशन कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

### शिकायतों का करें संतोषजनक समाधान

बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग कर संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदारों से चर्चा कर भी शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने 7वीं लघु सिंचाई गणना की समीक्षा कर कार्य शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैतूल को फायर स्टेशन के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उप संचालक सामाजिक न्याय को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जनपद एवं नियत तिथियों का निर्धारण शीघ्र करने तथा उप संचालक कृषि को कृषि अवधारणा नीति के तहत निर्धारित अवसंरचना कार्यों में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मंदिर निर्माण में करें सहयोग



नगर के गणेश वार्ड स्थित हाथी नाले के पास (चुन्नीढाना) गंज-बैतूल में 100 साल पुराने नागदेव वटकेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में सभी धर्मप्रेमियों से आर्थिक सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील मंदिर समिति ने की है। मंदिर निर्माण में जो भी धर्मप्रेमी सहयोग करना चाहते हैं वह इन नंबरों पर नवल सिंह ठाकुर 9424488462, राजीव पाठक 9981338289 संपर्क कर दान स्वरूप राशि दे सकते हैं।

सौजन्य : दैनिक राष्ट्रीय जनादेश परिवार, बैतूल










80 हजार रुपए में होने वाली जांच अब हमीदिया में होगी फ्री

# फ्री में पता चलेगा हार्ट पेशेंट्स को स्टेंट लगेगा या नहीं

**भोपाल (राष्ट्रीय जनादेश)। हार्ट पेशेंट्स को अटैक आने पर उसकी एंजियोग्राफी की जाती है और थोड़ी-बहुत भी संभावना नजर आने पर मरीज को स्टेंट डाल दिया जाता है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब एक ऐसी मशीन आ गई है जो कि नसों के भीतर देखने में सक्षम है। इस मशीन के माध्यम से यह पता लगा लिया जाएगा कि नसों में कैशिल्यम कितना जमा है? स्टेंट की आवश्यकता है भी या नहीं। इसके बाद ही निर्णय लिया जाता है कि करना क्या है। यह 2 मार्डन तकनीक हमीदिया अस्पताल में आ चुकी है इनके माध्यम से इंट्रावैस्कुलर अल्ट्रासाउंड और फैक्शनल फ्लो रिजर्व से दिल के मरीजों का इलाज शुरू किया गया है। खास बात यह है कि अब कई मरीज बेवजह स्टेंट लगवाने की प्रक्रिया से बच सकेंगे। यही नहीं, स्टेंट सही जगह और सही तरीके से लगा है या नहीं, यह भी मशीन से तुरंत पता चल जाएगा। अभी तक निजी अस्पतालों में इन तकनीकों का खर्च 80 हजार रुपए तक आता है, वहीं हमीदिया अस्पताल में यह सुविधा पूरी तरह फ्री है।**

### दिल के रोग से होती है 34 प्रतिशत मौत

दरअसल, मध्य प्रदेश में 34 प्रतिशत मौतों का कारण दिल का रोग होता है। वहीं, कोविड के बाद युवाओं में दिल की बीमारियों के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। इस स्थिति को देखते हुए हमीदिया अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग ने आईवीयूएस और एफएफआर टेक्नीक से ट्रीटमेंट शुरू किया है। ये दोनों तकनीक कोरोनरी एंजियोप्लास्टी के दौरान डॉक्टरों को बेहद सटीक जानकारी देती हैं।

### नसों के भीतर देखने वाली तकनीक आईवीयूएस

वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अजय शर्मा बताते हैं कि इंट्रावैस्कुलर अल्ट्रासाउंड तकनीक एक बेहद बारीक कैमरे की तरह काम करती है, जिसे दिल की नसों के अंदर पहुंचाया जाता है। इससे डॉक्टर साफ तौर पर देख पाते हैं कि नस के भीतर कैल्शियम कितना जमा है, फाइब्रोटिक हिस्सा कहां है और ब्लॉकेज की वास्तविक स्थिति क्या है? इस तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह है कि स्टेंट लगाने के बाद उसकी पोजिशन, फैलाव और नस से सही तरीके से चिपकाव (एपोजिशन) की तुरंत जांच हो जाती है। इससे स्टेंट के गलत जगह लगने या अधूरा खुलने का खतरा लगभग खत्म हो जाता है।



### एफएफआर बताएगी कि स्टेंट की जरूरत है या नहीं

फ्रैक्शनल फ्लो रिजर्व (एफएफआर) तकनीक उन मरीजों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है, जिनकी रिपोर्ट में ब्लॉकेज बॉर्डर लाइन में होता है। डॉ. शर्मा के अनुसार, कई बार एंजियोग्राफी में ब्लॉकेज दिखाई देता है, लेकिन वह खून के बहाव में वास्तविक रुकावट नहीं बनता। एफएफआर जांच से यह मापा जाता है कि ब्लॉकेज वास्तव में हार्ट की मसल्स तक खून पहुंचने में बाधा डाल रहा है या नहीं। यदि एफएफआर रिपोर्ट निगेटिव आती है, तो मरीज को स्टेंट लगाने की जरूरत नहीं होती। इससे मरीज बेवजह सर्जरी, दवाइयों और जोखिम से बच जाता है।

### अब तक 3 मरीजों पर हुआ सफल इस्तेमाल

हमीदिया अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. राजीव गुप्ता की टीम ने इन दोनों तकनीकों के इस्तेमाल से अब तक तीन मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। इस टीम में प्रोफेसर डॉ. अजय शर्मा, डॉ. आरएस मीना और डॉ. आरके सिंह शामिल हैं। कैथ लैब टेक्नीशियन हेमेंद्र शर्मा, सर्वेश जोशी और नर्सिंग ऑफिसर उपमा और उत्प्रेक्षा का भी इसमें योगदान रहा है। वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अजय शर्मा के अनुसार, कोविड के बाद युवाओं में दिल की बीमारियों के मामले तेजी से बढ़े हैं। अनियमित दिनचर्या, शारीरिक गतिविधियों की कमी, तनाव और खानपान की गलत आदतें इसके बड़े कारण हैं। ऐसे में स्टेंट की जरूरत भी बढ़ी है, लेकिन अब नई तकनीकों से यह तय किया जा सकेगा कि स्टेंट वाकई जरूरी है या नहीं।

### एमपी में मौतों के आंकड़े बढ़ा रहे चिंता

केंद्र सरकार की एमसीसीडी रिपोर्ट 2022 (मेडिकल सर्टिफिकेशन ऑफ कॉज ऑफ डेथ) के मुताबिक, मध्य प्रदेश में हर 100 में से 34 मौतें दिल और रक्त संचार से जुड़ी बीमारियों के कारण होती हैं। देशभर में यह आंकड़ा 40.8 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। चौंकाने वाली बात यह है कि 14 साल से कम उम्र के 17 प्रतिशत बच्चों की मौत भी हार्ट डिसीज के कारण हो रही है। ऐसे में हमीदिया अस्पताल में शुरू हुई यह नई तकनीक दिल के इलाज में एक बड़ा और जरूरी बदलाव मानी जा रही है।

### दिल को स्वस्थ रखने का आसान तरीका

स्पेशलिस्ट का कहना है कि दिल को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट ब्रिस्क वॉकिंग जरूरी है। धीरे-धीरे चलने से ज्यादा फायदा नहीं होता। तेज चाल से चलना हार्ट के लिए ज्यादा असरदार है। इसके अलावा, चेस्ट पेन को कभी हल्के में न लें। इमोशनल स्ट्रेस से नसें सिकुड़ जाती हैं, जिससे दर्द और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती है।

# कैलाश बन सकते हैं विधानसभा में चीफ व्हिप

■ विधायकों के बीच समन्वय बनाने का है लंबा अनुभव




*भोपाल (राष्ट्रीय जनादेश)। इंदौर में दूषित पानी काण्ड से मौतों के बाद से भाजपा के दिग्गज नेता कैलाश विजयवर्गीय पार्टी और संगठन दोनों के कार्यों में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। उन्हें अब विधानसभा में चीफ व्हिप नियुक्त करने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के बीच मंथन चल रहा है। कैलाश विजयवर्गीय को विधायकों के बीच समन्वयक बनाने का लंबा अनुभव भी है। वर्तमान में श्री विजयवर्गीय मोहन सरकार में संसदीय कार्यमंत्री है, ऐसी चर्चा है कि मुख्यमंत्री उनका कद करना चाहते हैं।*

### अहम मानी जाती है नियुक्ति

*बीजेपी विधानसभा में मुख्य सचेतक का पद भरने जा रही है, जो सदन की कार्यवाही के सुचारू संचालन और दलीय अनुशासन के लिए काफी अहम माना जाता है। इस पद पर नियुक्ति के साथ ही कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया जाएगा, जिसके चलते यह नियुक्ति और भी अहम हो गई है। दरअसल, सदन की कार्यवाही ठीक तरीके से चले इसकी जिम्मेदारी संसदीय कार्यमंत्री की होती है। इंदौर के भागीरथपुरा दूषित जलकांड के बाद से कैलाश विजयवर्गीय सत्ता और संगठन के कामों में ज्यादा दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। 16 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र में यदि कैलाश विजयवर्गीय दिलचस्पी नहीं लेंगे तो सदन का फ्लोर मैनेजमेंट बिगड़ सकता है। विपक्ष आक्रामक हो सकता है।*

### दो नेताओं के नाम भी है दौड़ में

*इस पद के लिए पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी विधायकों के नाम पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस दौड़ में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, पूर्व मंत्री अजय विश्नोई के नाम चर्चा में हैं। हालांकि, विधायक दल के कोषाध्यक्ष के लिए भी विश्नोई के नाम की चर्चा है।*

### सीएम और प्रदेश अध्यक्ष लेंगे आखिरी फैसला

*ये दोनों ही बीजेपी के कद्दावर नेता हैं और सदन की कार्यवाही का लंबा अनुभव रखते हैं, लेकिन इन्हें डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली थी। अब पार्टी इनमें से किसी एक को मुख्य सचेतक की बड़ी जिम्मेदारी सौंपकर उन्हें सरकार में एक महत्वपूर्ण भूमिका देने की योजना बना रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि वर्तमान में सदन के भीतर फ्लोर मैनेजमेंट की पूरी जिम्मेदारी संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के कंधों पर है। अब मुख्य सचेतक की नियुक्ति करके उनके कार्यभार को बांटा जाएगा, जिससे सरकार सदन में और अधिक मजबूती के साथ अपना पक्ष रख सकेगी। इस नियुक्ति पर अंतिम मुहर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और बीजेपी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बीच विचार-विमर्श के बाद ही लगेगी।*

### महत्वपूर्ण माना जाता है सचेतक का पद

*विधानसभा या संसद में मुख्य सचेतक का पद केवल एक औपचारिक नियुक्ति नहीं है। यह किसी भी राजनीतिक दल का वह प्रमुख पदाधिकारी होता है, जो सदन के भीतर पार्टी के सभी सदस्यों को बांधकर रखता है। इसकी भूमिका पार्टी नेतृत्व और विधायकों के बीच एक पुल की तरह होती है। मुख्य सचेतक यह सुनिश्चित करता है कि पार्टी के सभी सदस्य दलीय अनुशासन में रहें और पार्टी लाइन से अलग जाकर कोई बयानबाजी या मतदान न करें। यह मुख्यमंत्री या विपक्ष के नेता के प्रमुख सलाहकार के रूप में भी कार्य करता है और सदन में पार्टी की रणनीति के प्रबंधन की अहम जिम्मेदारी निभाता है। महत्वपूर्ण विधेयकों पर मतदान के समय सभी सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करना और उन्हें पार्टी के पक्ष में वोट करने का निर्देश देना इसका सबसे प्रमुख कार्य है।*

### कब होता है व्हिप का उपयोग

*संसदीय प्रणाली में, व्हिप एक लिखित आदेश या निर्देश होता है, जिसे कोई राजनीतिक दल अपने विधायकों या सांसदों के लिए जारी करता है। व्हिप का इस्तेमाल विशेष रूप से महत्वपूर्ण मौकों पर किया जाता है, जैसे कि सरकार द्वारा पेश किए गए किसी विधेयक पर मतदान, अविश्वास प्रस्ताव या विश्वास मत। व्हिप जारी करने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि पार्टी के सभी सदस्य एकजुट रहें और पार्टी नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करें। व्हिप जारी होते ही पार्टी के सभी सदस्य कानूनी रूप से इससे बंध जाते हैं और उन्हें इसका पालन करना अनिवार्य होता है। हर पार्टी इस कार्य के लिए सदन में अपने एक वरिष्ठ सदस्य को नियुक्त करती है, जिसे मुख्य सचेतक कहा जाता है।*

# प्रशांत उइके ने 16 वीं बार किया रक्तदान

■ गर्भवती महिला को थी रक्त की आवश्यकता



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जयस जिला मीडिया प्रभारी प्रशांत उइके ने मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए 16 वीं बार रक्तदान किया। भीमपुर ब्लॉक के ग्राम रतनपुर, आमढाना निवासी डिलेवरी पेशेंट कुशमी काकोडिया के लिए रक्त की तत्काल आवश्यकता पड़ने पर प्रशांत बिना देर किए जिला अस्पताल बैतूल पहुंचे और रक्तदान कर मरीज की मदद की। प्रशांत उइके लंबे समय से सामाजिक और मानवीय कार्यों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता और जरूरत के समय किसी की जान बचाने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील भी की, ताकि आपात स्थिति में किसी मरीज को परेशानी न उठानी पड़े। जिला अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों और स्टाफ ने भी प्रशांत उइके की सराहना करते हुए कहा कि समय पर रक्त उपलब्ध होना कई बार जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करता है। क्षेत्र में उनके इस कार्य की प्रशंसा हो रही है और लोग उन्हें प्रेरणास्त्रोत मान रहे हैं।

महा पूजा से प्रारंभ होते हैं समाज के सभी शुभ कार्य

# कोरकू समाज का हुआ महापूजा महोत्सव

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** कोरकू आदिवासी समाज का पारंपरिक महा महोत्सव महा पूजा शिवाजी ऑडिटोरियम बैतूल में विधि-विधान एवं परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में जिले सहित बाहर जिलों से समाजजन, भुमका गण, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। महा पूजा कार्यक्रम में नागपुर से आमंत्रित प्रसिद्ध गायिका कोमल निनावे की विशेष उपस्थिति रही। कोमल निनावे ने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक गीतों की रंगारंग प्रस्तुति दी।

समाज के बंडू लिखितकर ने बताया कि कोरकू आदिवासी समाज में महा पूजा का विशेष धार्मिक और सामाजिक महत्व है। समाज में किसी भी शुभ कार्य, विवाह एवं संस्कारों की शुरुआत महा पूजा के पश्चात ही की जाती है। इस अवसर पर समाज की परंपरागत झाग काटने की प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, पूर्व विधायक मेलघाट प्रभुदास भिलावेकर, कार्यक्रम अध्यक्ष झामसिंह बारस्कर, श्रीमती डॉ. कृष्णा मौसिक मातृ शक्ति जिलाध्यक्ष सहित भुमका गण, सरपंच संघ अध्यक्ष भैसदेही, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य एवं समाज के सभी जनप्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं विधायक भैसदेही महेंद्र सिंह चौहान द्वारा कोरकू समाज भवन निर्माण के लिए 20-20 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की गई। दोनों जनप्रतिनिधियों ने समाज के लिए स्थायी भवन की आवश्यकता बताते हुए भूमि चयन के लिए जमीन देखने की बात कही।

आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम में पधारे प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक भैसदेही महेंद्र सिंह चौहान, पूर्व विधायक मेलघाट प्रभुदास भिलावेकर, कार्यक्रम अध्यक्ष झामसिंह बारस्कर, नागपुर से पधारी गायिका कोमल निनावे, भुमका गण, जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठ मान्यजन, जिले एवं बाहरी जिलों से आए सभी अतिथियों, संगठन के पदाधिकारियों एवं समाज के सभी सदस्यों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# नवग्रह शक्तिपीठ में रात्रि तांत्रिक क्रियाएं करेंगे दाती महाराज, पहली बार साक्षी बनेंगे श्रद्धालु



डबरा क्षेत्र में आस्था और आध्यात्म का भव्य संगम देखने को मिलने जा रहा है। नवग्रह शक्तिपीठ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान रात्रि में 12 बजे से दाती महाराज द्वारा विशेष तांत्रिक क्रियाएं संपन्न की जाएंगी। यह पहला अवसर होगा जब श्रद्धालु दाती महाराज की तांत्रिक साधनाओं को प्रत्यक्ष रूप से देख सकेंगे। आयोजकों के अनुसार यह तांत्रिक क्रियाएं जनकल्याण और ग्रह दोष शांति के उद्देश्य से की जाएंगी, जिससे लोगों के जीवन में चल रहे कष्ट और बाधाएं दूर होंगी। वही पर जानकारी के अनुसार बतादे कि नवग्रह शक्तिपीठ प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन के दौरान रात्रिकालीन विशेष अनुष्ठान में दाती महाराज तांत्रिक क्रियाएं करेंगे। इन क्रियाओं के माध्यम से ग्रह क्लेश, पारिवारिक तनाव, मानसिक परेशानियों के साथ-साथ रोजगार और व्यापार में आ रही बाधाओं को दूर करने का आध्यात्मिक प्रयास किया जाएगा। आयोजन समिति का कहना है कि यह कार्यक्रम पूरी तरह जनहित में है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दुर्लभ आध्यात्मिक आयोजन का लाभ लें और पुण्य के भागी बनें।

# सड़क हादसों से भारत को होता है हर दिन 500 करोड़ का नुकसान

**बीते कुछ अरसे से प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं देखने में आ रही हैं। यह हाल केवल हमारे देश का नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया में ऐसी दुर्घटनाएं एक महामारी का रूप ले चुकी हैं। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, विश्वभर में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या के मामले में भारत पहले स्थान पर है। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि हर दिन टूटते परिवारों और बिखरते जीवन की कहानी है।**

### ये आंकड़े डराने वाले हैं

वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग 1.80 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा बैठे, जो प्रतिदिन औसतन 494 मौतों के बराबर है। हर तीन मिनट में एक मौत तथा साल में 4-5 लाख लोग हमेशा के लिए अपंग और अक्षम हो जाते हैं। सड़क हादसों में युवा सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

### दुर्घटनाओं की क़ीमत कौन चुकाता है?

- विश्व बैंक के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं के कारण भारत को प्रतिदिन लगभग 500 करोड़ रुपये का नुक़सान होता है।
- सीधा बोझ स्वास्थ्य प्रणाली पर पड़ता है। अस्पतालों के आपातकालीन विभाग में आने वाले कुल मरीज़ों में से 20-50त्न सड़क दुर्घटना पीड़ित होते हैं, अस्पताल में भर्ती होने वाले 10-30 प्रतिशत मरीज़ और गंभीर मस्तिष्क चोट के 60-70 प्रतिशत मामलों में भी यही होते हैं।
- नियोक्ताओं और उद्योगों पर भार पड़ता है। काम के घंटे का नुक़सान होता है, वाहन क्षतिग्रस्त होते हैं, चिकित्सा पर अधिक ख़र्च आता है।
- सबसे गहरा असर परिवारों पर पड़ता है। जब परिवार का कमाने वाला सदस्य सड़क दुर्घटना में जान गंवा बैठता है या स्थायी दिव्यांग हो जाता है, तो पूरा परिवार आर्थिक, सामाजिक और मानसिक संकट में फंस जाता है।

### मानव व्यवहार है दुर्घटनाओं का कारण

- आंकड़े स्पष्ट बताते हैं कि 75-80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं में चालक की भूमिका प्रमुख होती है। इनमें कुछ व्यवहार विशेष रूप से जानलेवा साबित हो रहे हैं-
- गलत तरीके से ओवरटेक करते हैं, व्यस्त सड़क पर गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज होती है कि उस पर चालक का ही नियंत्रण नहीं रहता। बड़े वाहन, जैसे- ट्रक, बस आदि के बहुत करीब जाकर गाड़ी चलाते हैं या उसे ओवरटेक करने की ज़िद में रहते हैं।
- कार में लगे एयर बैग जैसी तमाम सुविधाएं भी रफ्तार के सामने हार मान लेती हैं।
- मोबाइल हाथ में लेकर बात कर रहे हों या ईयरफोन पर, दोनों ही स्थितियों में चालक का ध्यान सड़क से हटता है।
- लोग हेलमेट या सीटबेल्ट तब लगाते हैं जब सड़क पर जांच हो रही हो। उन्हें चालान से डर लगता है लेकिन दुर्घटना से नहीं।
- लोग ईंधन बचाने के चलते सड़क पर वाहन को उल्टी दिशा में चलाते हैं। यह आदत सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार है।
- 18 साल से कम उम्र के बच्चे तेज रफ्तार से गाड़ी दौड़ाते हैं। बिना लाइसेंस और उचित उम्र के गाड़ी चलाना अपराध के साथ-साथ राह चलते लोगों के लिए भी खतरा है।



गाड़ी में लगी हाई-इंटेंसिटी रोशनी सामने से आने वाले वाहन चालक के लिए जोखिम पैदा करती है।

### ये सुधार ज़रूरी हैं

***व्यवहार, कानून और व्यवस्था, तीनों स्तरों पर सुधार की आवश्यकता है-***

- *सड़क पर रफ्तार की सीमा स्पष्ट रूप से चिह्नित होनी चाहिए। हाईवे और शहरों में ऑटोमैटिक स्पीड कैमरे बढ़ाए जाने चाहिए, ताकि ऐसी ग़लती करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जा सके।*
- *भारी वाहनों के लिए अलग लेन निर्धारित की जानी चाहिए और उनके नज़दीक से ओवरटेक करने पर कड़े नियम भी लागू होने ज़रूरी हैं। ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट में डिफेंसिव ड्राइविंग (सावधानीपूर्ण ड्राइविंग) को अनिवार्य किया जाए।*
- *कानून होने के बावजूद उसका पालन कमज़ोर है। इसलिए मोबाइल के उपयोग की पहचान करने वाले एआई कैमरे लगाए जाने चाहिए।*
- *नए नियमों के तहत एक वर्ष में 5 से ज्यादा चालान होने पर लाइसेंस निलंबन कानून को ज़ीरो टोलरेंस के साथ लागू किया जाए और अनिवार्य पुन: प्रशिक्षण का भी सख़्ती से पालन किया जाए।*
- *उल्टी दिशा में वाहन चलाने पर भारी जुर्माना और वाहन ज़ब्ती भी होना चाहिए।*
- *नाबालिग के गाड़ी चलाने के नियम सख़्ती से लागू हों।*
- *स्कूल स्तर से ही प्रभावी सड़क सुरक्षा शिक्षा शुरू हो।*
- *वाहन कंपनियां गाड़ियों में हैलोजन लाइट को मानक के रूप में लगाती हैं, पर लोग इन्हें बाहर से बदलवाकर हाई बीम लाइट लगवा लेते हैं। इसके दुरुपयोग पर चालान और चेतावनी प्रणाली लागू की जानी चाहिए।*

# मध्यप्रदेश पुलिस के प्रभावशाली अभियान से संभव हुआ लाल सलाम को आखरी सलाम : मुख्यमंत्री

- बालाघाट के जवानों के आत्मबल ने नक्सल समस्या को खत्म करके दिखाया
- हॉक फोर्स के वीर जवानों की भूमिका अभिनंदनीय
- बालाघाट की अमर जवान ज्योति नक्सल मुक्त अभियान का स्मारक
- बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशन एवं शासकीय कार्यालयों को मिला आईएसओ सर्टिफिकेशन

**भोपाल (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बालाघाट के नाम में ही बल है। इस जिले ने अपने आत्मबल से ही हिमालय जैसी कठिन चुनौती नक्सलवाद का अंत करके दिखाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में देशभर में नक्सल उन्मूलन का माहौल बना। मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रभावशाली अभियान चलाकर नक्सलियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और प्रदेश से लाल सलाम को आखरी सलाम किया। नक्सल उन्मूलन में हॉक फोर्स के वीर जवानों की भूमिका अभिनंदनीय है। बालाघाट में नक्सलियों द्वारा कभी खून की होली खेली गई, परंतु जवानों को वीरता, पुलिस की दृढ़ इच्छाशक्ति और जनता के विश्वास ने क्षेत्र को नक्सल आतंक की जंजीरों से मुक्त किया। राज्य सरकार वीर शहीद जवानों को अमर जवान ज्योति के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। हम गर्व से कह सकते हैं कि मध्यप्रदेश की धरती अब नक्सलियों से मुक्त है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले 60 जांबाज जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बालाघाट पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर सलामी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर प्रदेश की शांति और सुरक्षा के लिए शहीद होने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।**




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आईएसओ मानकों के अनुसार तैयार बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालयों का रिमोट से लोकार्पण किया, इससे संबंधित प्रमाण पत्र भी मंच से प्रदान किए गए। इस अवसर पर पुलिस जवानों ने ÷वो बांके अलबेले- जो वापस न लौटे- इस मिट्टी के बेटे÷ गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ÷नक्सल संस्मरण÷ पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, सांसद श्रीमती भारती पारधी, पूर्व मंत्री श्री गौरी शंकर बिसेन, एडीजी नक्सल विरोधी अभियान श्री वेंकटेश्वर राव, पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री आदित्य मिश्रा सहित विधायक गण तथा जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह खेद का विषय है कि बालाघाट में पूर्व में तत्कालीन सरकार के मंत्री श्री लिखीराम कावरे की सरेआम हत्या कर दी गई थी। हमारे लिए यह बड़ी चुनौती थी, क्योंकि मध्यप्रदेश की 836 किलोमीटर लंबी सीमा छत्तीसगढ़ से लगती है। मध्यप्रदेश ने 38 पुलिस जवान और 27 आम नागरिक को खोया है। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने नक्सलवादियों को जड़ से खत्म करने में सफलता प्राप्त की है। सघन जंगल के चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी हॉक फोर्स ने मेगाकासो रणनीति बनाकर नक्सलियों को खदेड़ा और 4 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया। पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक 4104 नक्सल विरोधी अभियान, मानसून और जंगली जानवरों की चुनौतियों के बावजूद भी जारी रहे। हमारी फोर्स ने वर्ष 2025 में अब तक के 10 सर्वाधिक हार्ड कोर नक्सलियों को ढेर किया है। नक्सलियों से कहा गया था कि सरेंडर करो या मारे जाओगे, पुलिस ने राज्य सरकार की इस चेतावनी को वीर जवानों ने सार्थक कर दिखाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भविष्य में नक्सलियों को अपने पैर जमाने का कोई मौका फिर से न मिले, इसके लिए राज्य सरकार हर तरह से समुचित प्रबंध कर रही है। बालाघाट जिले में नक्सल प्रभावित 250 स्कूलों का नवीनीकरण किया गया है। स्थानीय नागरिकों के लिए एकल सुविधा केंद्र, जनजातीय समुदायों को वन अधिकार पट्टे, जाति प्रमाण पत्र और रोजगार के लिए शिविरों की शुरुआत की गई है। यह वर्ष कृषि कल्याण के लिए है। अब महाकौशल के बालाघाट में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। नक्सल समस्या के निपटारे के साथ हमने पूर्व मंत्री स्व. लिखीराम कावरे की हत्या का बदला लिया है। बालाघाट में %अमर जवान ज्योति% नक्सल मुक्त अभियान का स्मारक बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस जवानों को नक्सल विरोधी अभियान की सफलता के लिए बधाई दी।

स्कूल शिक्षा, परिवहन एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज बालाघाट जिले के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय दिन है, मध्यप्रदेश की धरती नक्सल समस्या से मुक्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में सरकार, पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक साथ मिलकर कार्य किया। इसी का परिणाम है कि नक्सल अभियान को पूर्णाहूति दी जा रही है। बालाघाट जिले के गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। जिले में विकास के अनेकों कार्य हुए हैं, इसके लिये लगभग 3 दशकों तक संघर्षशील रहने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को नमन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए निरंतर सक्रिय हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध हुई कार्रवाई के बेहतर परिणाम सामने आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सलियों से सरेंडर करने का आह्वान किया था। हॉक फोर्स की दृढ़ इच्छा शक्ति से मध्यप्रदेश समय सीमा से पहले नक्सल मुक्त हो चुका है। एडीजी, नक्सल विरोधी अभियान श्री वेंकटेश्वर राव ने कहा कि देश भक्ति और जनसेवा हमारा संकल्प है। नक्सल विरोधी अभियान में अब तक 38 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कुछ महीने पहले हुए इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के बलिदान को नमन किया। राज्य सरकार ने हॉक फोर्स ने 882 पदों को स्वीकृत कराया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक बालाघाट के मार्गदर्शन में सामाजिक सहयोग से जिले में शांति बहाली के लिए कार्य जारी हैं। पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री आदित्य मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आवश्वस्त किया कि जहां बंदूक की गोलियां गूंजती थीं वहां अब रोजगार-विश्वास और शिक्षा का शंखनाद होगा। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरव से परिपूर्ण है। नक्सल उन्मूलन की लड़ाई में शामिल युवकों को शासकीय नौकरी प्रदान की जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा आरंभ विद्यांजलि अभियान के अंतर्गत नक्सल प्रभावित इलाके के 280 से अधिक स्कूलों को सामाजिक सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का काम जारी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नति पाने वाले जवानों में उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर श्री विपिन चंद्र खलको, श्री इंदर सिंह विदूरी, श्री शुभम प्रताप सिंह तोमर, श्री रत्नेश मीणा, श्री नवदेश श्रीवास्तव को, सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक श्री मुनेन्द्र सिंह को, प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर श्री रूद्रीचंद जखमोला, श्री अनिल सिंह भदौरिया, श्री मत्ते सिंह मरावी, श्री उज्जवल घोरमारे, श्री मनोज कुमार यादव, श्री देवेन्द्रे धुर्वे, श्री रवेन्द्र कुशवाह, श्री हरेन्द्र सिंह, श्री प्रदीप गोसाई, श्री विनोद कुमार मर्सकोले, श्री उमेश कुमार पटेल, श्री विकाश कुमार राजपूत, श्री मुकेश सगर, श्री विवेक परस्ते, श्री राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री आशीष रजक, श्री शिवहरी मरावी, श्री प्रवीण धुर्वे, श्री टीकाराम ढकाल, श्री प्रवीण कुमार, श्री असित यादव, श्री रामआशीष यादव, श्री संदीप शर्मा, श्री लोकपाल धाकड़, श्री कृष्णा श्रेष्ठ, श्री जितेन्द्र सिंह पटेल और श्री वीर सिंह को पदोन्नत किया गया। श्री शकरचंद सरयाम, श्री सुनील परियार, श्री चन्द्रकांत पांडेय, श्री सत्यम द्ववेदी, श्री सुनील यादव, श्री देवराज कलमें, श्री सुरेन्द्र सिंह मार्को, श्री सुशील उईके, श्री रामलाल भील, श्री उमेश चन्द्र दुबे, श्री संतोष कुमार मरावी, श्री प्रदीप कुमार परते, श्री राजा मालवीय, श्री विशाल कुमार सिंह, श्री दीपक पवार, श्री कन्हैया मरकाम, श्री सुनील सिंह कुशवाह, श्री मुलायम सिंह, श्री वरूण देव सिंह चाहर, श्री मुनीष कुमार द्विवेदी, श्री नीलेश, श्री महेन्द्र सिंह, श्री रवि कुमार यादव, श्री छठु यादव, श्री सलेश कुमार द्विवेदी, श्री संजू शर्मा एवं जिला पुलिस बल के नरेन्द्र सोनवे को भी आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। कार्यक्रम में हॉक फोर्स, पुलिस जवान एवं शहीद जवानों के परिजन उपस्थित थे।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

- केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** पत्रकार कल्याण परिषद के पदाधिकारियों ने रविवार को केंद्रीय राज्यमंत्री डीडी उइके और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात कर पत्रकारों की सुरक्षा और न्याय दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर परिषद के संभागीय प्रभारी राधेश्याम सिन्हा ने बताया कि प्रदेश में लंबे समय से पत्रकारों पर झूठे एवं प्रताड़ना संबंधी गंभीर मामले दर्ज हो रहे हैं। इसके कारण पत्रकारगण स्वतंत्र रूप से अपना दायित्व नहीं निभा पा रहे हैं। पत्रकारों द्वारा प्रताड़ना की शिकायत करने पर भी पुलिस उचित कार्रवाई नहीं करती है। पत्रकार कल्याण परिषद के महासचिव संजय द्विवेदी ने कहा कि सच्चे और ईमानदार पत्रकारों पर झूठे मुकदमे कायम नहीं किए जाए। पत्रकारों की शिकायतों और सूचनाओं पर गंभीरता से कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून मप्र के अलावा अन्य कई प्रदेशों में लागू किया जा चुका है। पत्रकारों के हित में इस कानून को जल्द से जल्द लागू किया जाए। जिलाध्यक्ष कैलाश अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार का दायित्व है कि पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान की जाए, यह लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकार सुरक्षा गारंटी कानून लागू किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

# आरक्षक भर्ती के द्वितीय चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षा 23 से

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** आरक्षक (जी.डी.) एवं आरक्षक (रेडियो) के कुल 7500 पदों पर भर्ती के लिए मध्यप्रदेश कर्मचारी मंडल भोपाल द्वारा ऑनलाइन परीक्षा 30 अक्टूबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक आयोजित कराई गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 25 जनवरी 2026 को वेबसाइट पर घोषित किया जा चुका है। सफल उम्मीदवार को अगले चरण के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जाएगी। अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण एवं 800 मीटर दौड़, लम्बी कूद एवं गोला फेंक मध्यप्रदेश के 10 स्थानों पर 23 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक प्रतिदिन प्रात- 6 बजे से आरंभ होगी। ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवार मप्र.कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट से अपना सूचना पत्र डाउनलोड कर निर्धारित शारीरिक प्रवीणता परीक्षा स्थल पर पहुंचे। सभी उम्मीदवारों को उनकी निर्धारित दिनांक को ही पहुंचना आवश्यक है। उम्मीदवार को शारीरिक प्रवीणता के लिए जो दिनांक व स्थान सूचित किया जा रहा है उस दिनांक व स्थान में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

## इन जगहों पर होगी परीक्षा

भोपाल में लाल परेड ग्राउंड भोपाल, इंदौर में माउण्टेड ट्रूप डिपार्टमेंट परिसर आरएपीटीसी इन्दौर, जबलपुर में परेड ग्राउंड 6वीं वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर, ग्वालियर में परेड ग्राउंड 14 वीं वाहिनी विसबल कम्पू ग्वालियर, उज्जैन में महानंदा एरीना ग्राउंड देवास रोड उज्जैन, सागर में शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज बहेरिया सागर, रीवा में परेड ग्राउंड 9वीं वाहिनी विसबल रीवा, बालाघाट में फुटबॉल/हॉकी ग्राउंड 36वीं वाहिनी विसबल बालाघाट, रतलाम में भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बस स्टैण्ड के पास जावरा रतलाम तथा मुरैना में परेड ग्राउंड 05वीं वाहिनी विसबल मुरैना में आयोजित होगी।

# अमेरिका से ट्रेड डील के बाद वेंटिलेटर पर चला गया विपक्ष

- शिवराज सिंह बोले- भारतीय किसान पूरी तरह से हैं सुरक्षित

**भोपाल (राष्ट्रीय जनादेश)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच हुई डील के बाद विपक्ष वेंटिलेटर पर चला गया है। विपक्ष को आशंका थी कि डील के बाद शोर शराबा करने का मौका मिलेगा, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के चलते वे वेंटिलेटर पर हैं। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि संतुलित रणनीति अपनाकर सकारात्मक संवाद करते हुए यह ट्रेड डील की गई है। डिप्लोमेसी मतलब राष्ट्र प्रथम, डेवलपमेंट यानी विकसित भारत की दिशा में भारतीय कदम बढ़ाने लिए ट्रेड डील बड़ा आधार है। भारतीय कृषि और किसान की सारी चिंताओं का समाधान इस ट्रेड डील में किया गया है। यह डील हमारे कृषि उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है। चौहान ने मीडिया से कहा कि हमारे किसानों की मूल ताकत कृषि उत्पादों को समझौते से बाहर रखा गया है। भारतीय कृषि और किसान को सर्वोपरि रखा गया है। शिवराज ने कहा कि यूपीए के सरकार में भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी और अब हम तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। भारतीय किसानों को नुकसान हो, ऐसा कोई उत्पाद संबंध नहीं किया गया है। सभी ऐसी वस्तुओं को समझौते के बाहर रखा गया है।

## इन उत्पादों को नहीं होगा कोई नुकसान

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, चीनी, मोटे अनाज, पोल्ट्री, डेयरी, केले, स्ट्रॉबेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग जैसे उत्पादों पर टैरिफ में कोई छूट नहीं दी गई। हमारे प्रमुख अनाज सुरक्षित रहना चाहिए, वह सब के सब सुरक्षित रहेंगे, इस चिंता का ध्यान रखा गया है। अमेरिका के लिए नहीं खोला गया है। अनाज, आटा, चावल, बाजारा इत्यादि आलू, प्याज, मटर, मशरूम, दलहन, स्ट्रॉबेरी जैसे अमेरिकी कृषि उत्पादन भारत नहीं आएंगे। इसके अलावा डब्बा बंद सब्जियां भी भारत नहीं आएंगे। बटर, ऑयल, पनीर, चीज इनको भारत में एंट्री नहीं मिलेगी। कृषि और डेयरी उत्पादों के अलावा इस लिस्ट में कई मसाले भी सम्मिलित हैं। भारत अमेरिका से काली मिर्च, लौंग, सूखी हरी मिर्च, दालचीनी और अन्य पाउडर मसाले नहीं मंगवाएगा। भारतीय किसानों के कई कृषि उत्पादों को अमेरिका में शून्य शुल्क पर निर्यात किया जाएगा लेकिन अमेरिकी किसानों के कृषि उत्पादन को भारतीय बाजार में यह छूट नहीं मिली है।



## कई उत्पादों पर शून्य हुआ टैक्स

भारत के कृषि और डेयरी के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कृषि क्षेत्र में कई उत्पादों पर 50 प्रतिशत से घटकर शून्य किया है। अमेरिका में हमारे कई मसालों का बड़ी मात्रा में निर्यात होता है। चाय, काफी, नारियल, नारियल का तेल, सुपारी, काजू, वनस्पति, एवोकाडो केला, अमरूद, आम, पपीता, अनानास, मशरूम जैसे कुछ अनाज भी सम्मिलित हैं। भारतीय कृषि बाजार में अगर ऐसा कोई उत्पाद आता है तो उनको टैरिफ में जाना पड़ेगा। समझौते से भारतीय किसान, महिलाएं और विशेष कर युवाओं के सपनों को ऊंची उड़ान भरने के लिए नए पंख मिले हैं। 18त्न टेक्सटाइल के निर्यात को एक नई गति और दिशा मिलेगी और टेक्सटाइल के निर्यात का मतलब है किसानों को भी फायदा। विशेष कर कपास उत्पादक किसान टेक्सटाइल, गेम्स एंड ज्वेलरी, ऑटो कंपोनेंटस इंजीनियरिंग गुड्स और एमएसएमई को ढेर सारे बिजनेस के नए अवसर मिलेंगे।

# शराबी कार चालक ने कुत्ते पर चढ़ाई कार

- घटना से लोगों में रोष, थाने में की शिकायत

*मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर में एक निर्मम कार चालक द्वारा सड़क के किनारे घायल कुत्ते पर कार चलाने का मामला सामने आया है। घटना की वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में कार चालक की क्रूरता पर गहरा रोष देखा गया है। जागरूक नागरिकों ने कार चालक की शिकायत थाने में कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात नशे में धुत्त कार चालक द्वारा अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर घटना को अंजाम दिया गया। कार चालक की निर्ममता पर आसपास के लोगों ने जब आपत्ति ली तो नशे में धुत्त कार चालक द्वारा लोगों से विवाद किया गया। पूरे मामले में तत्काल लोगों द्वारा घायल कुत्ते को अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। आसपास के लोगों ने बताया कि कुत्ता पहले से ही घायल था जो सड़क के किनारे था इसके बावजूद कार चालक ने जानबूझकर कार के पहिये से कुचला गया। नागरिकों ने बताया कि कार चालक द्वारा अमानवीय कृत्य किया गया है जिस पर कड़ी कार्रवाई होना चाहिए।*



# हिंसक वन्य जीव ने किया पाड़ा का शिकार

- ढोकना रैयत की घटना वन विभाग में की शिकायत

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। वन परिक्षेत्र भैंसदेही सामान्य तहसील भैंसदेही अंतर्गत ग्राम ढोकना रैयत पोस्ट माजरवानी में जंगली जानवर के हमले से पशु हानि का मामला सामने आया है। ग्राम ढोकना रैयत निवासी संदीप चिल्हाटे पिता भूता चिल्हाटे ने वन विभाग से शिकायत कर बताया कि 7 फरवरी की रात्रि को उनके घर के पास बंधे भैंस के तीन साल के बच्चे पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले में भैंस का बच्चा शिकार हो गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।*

*संदीप चिल्हाटे ने वन परिक्षेत्र भैंसदेही के अधिकारियों को आवेदन देकर घटना की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जंगली जानवरों की गतिविधियां बढ़ रही हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा दिलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।*

# स्वास्थ्य शिविर में 145 महिलाओं का हुआ उपचार

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। जिले के भैंसदेही विकासखंड के ग्राम कुकूरू खामला स्थित खामला आरोग्य केंद्र में महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ खामला पंचायत के सरपंच संजू अखंडे ने किया। शिविर में आरके मेमोरियल हॉस्पिटल बैतूल से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कृष्णा मौसिक ने 145 महिलाओं एवं किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इनमें 15 गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच की गई और आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क प्रदान की गई।**



डॉ. मौसिक ने गर्भवती महिलाओं को हरी सब्जियों, विशेषकर पालक और दाल के सेवन की सलाह दी। उन्होंने सकारात्मक सोच बनाए रखने, नकारात्मक विचारों से दूर रहने और सुरक्षित प्रसव के लिए संस्थागत प्रसव कराने का परामर्श दिया। कुछ गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए बैतूल स्थित अस्पताल आने को कहा गया, जहां नि:शुल्क सोनोग्राफी किए जाने का आश्वासन दिया गया। शिविर में 20 किशोरियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. मौसिक ने परीक्षा के डर को दूर करने के लिए उन्हें सहज तरीके से प्रश्न पत्र हल करने के टिप्स दिए और उनका मनोबल बढ़ाया। सभी किशोरियों को कैल्शियम और मल्टीविटामिन की गोलियां दी गईं। महिलाओं में अनियमित माहवारी, हाथ-पैरों में अकड़न, सूजन, श्वेत प्रदर, खुजली, सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं पाई गईं। कुछ गर्भवती महिलाओं का आंगनवाड़ी में पंजीयन नहीं होने और टीकाकरण सेवाएं न मिलने की जानकारी सामने आई, जिन्हें तत्काल पंजीयन कराने की सलाह दी गई।

## सिकल सेल से पीड़ित बालिकाएं चिन्हित

शिविर में सिकल सेल से पीड़ित बालिकाएं भी चिन्हित की गईं, जिन्हें नियमित जांच और दवा लेने की सलाह दी गई। भैंसदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आरके मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। महिला स्वास्थ्य शिविर में प्रदीपन संस्था के कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं ने खामला के सभी टोलों में घर-घर जाकर महिलाओं को शिविर में लाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में शामिल महिलाओं ने डॉ. कृष्णा मौसिक के व्यवहार और सेवाओं की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।